RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 130 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, गुरुवार 16 मार्च 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर सक्ती कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक



हैप्पीट्यून्स नि:शुल्क किड्स एक्टिविटी ट्यूशन की हुई ... पेज -8 पर




श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

चैत्र नवरात्र 2023 (22 मार्च से 30 मार्च 2023 तक)

मनोकामना ज्योति कलश



651/- रुपये

कन्या छूट - 100/- रूपए

मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-

**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द सावं शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल (पत्रकार) 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400,मधुसुदन प्रधान 9754454815, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, उद्धव साव, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।


## एक नजर

### सदन में छलका बीएसपी विधायक चंद्रा का दर्द



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है। मंत्री ताम्रध्वज साहू के विभागों में बजट चर्चा जारी है। इस दौरान बसपा विधायक केशव चंद्रा ने घर में चोरी को लेकर अपना दर्द सदन में बयां किया। चंद्रा ने कहा कि महीनों बीत गए पर चोरी के आरोपी नहीं पकड़े गए। दु:ख की बात तो ये है पुलिस ने खोजना भी बंद कर दिया। विरोधी कहते हैं सहानुभूति बटोरने मैंने षड्यंत्र रचा। मैंने फिर आवेदन दिया अगर षड्यंत्र है तो इसका खुलासा करें।

### विधानसभा घेरने पहुंचे भाजपाई पुलिस के साथ हुई झूमाझटकी

*रायपुर। रायपुर में बीजेपी ने बुधवार को करीब एक लाख लोगों के साथ विधानसभा का घेराव किया। घेराव के पहले बीजेपी नेताओं की सभा हुई। सभा के बाद कार्यकर्ता विधानसभा घेरने निकल गए। इसके बाद पुलिस से उनकी झूमाझटकी हुई। वहीं बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस ने वाटर केनन चलाई, भीड़ के सामने स्मोक बम फेंके।*

### भाजपाईयों को रोकने के लिए पुलिस ने फोड़े स्मोक बम, मारी पानी की बौछारें

# जवानों से भिड़े भाजपाई, बैरिकेड्स तोड़े, अरुण साव, बृजमोहन समेत 500 कार्यकर्ता गिरफ्तार



उधर, पुलिस ने पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव समेत 500 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। सभी को बस में बिठाकर पुलिस ले गई। कार्यकर्ताओं की भीड़ विधानसभा परिसर के नजदीक (जीरो पॉइंट) तक पहुंच गई थी। विधानसभा जाने वाले रास्ते में जगह-जगह पर पुलिस बल तैनात किया गया था। कोशिश थी कि किसी भी तरह से कार्यकर्ताओं को रोका जाए। मगर कार्यकर्ताओं की भीड़ लगातार आगे बढ़ती रही। घेराव शुरू होने से पहले ही भारतीय जनता युवा मोर्चा ने 2 किलोमीटर पहले सड़क पर लगाई गई बैरिकेडिंग तोड़ दी थी। इसके बाद कार्यकर्ताओं की भीड़ पहुंची। ये सब कुछ 2 घंटे तक चलता रहा। फिर जब पुलिस ने कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। उसके बाद आंदोलन समाप्त हुआ है।

#### प्रभारी ने कहा-सरकार बदलनी है

घेराव से पहले सभा में प्रभारी ओम माथुर ने कहा- इस बार यहां सरकार बदलनी है। नवंबर तक ये आंदोलन हमको करना है। आज मुझे और रमन सिंह को भी लगभग एक घंटे जाम में फंसे रहना पड़ा। सड़क पर भी ऐसी ही भीड़ दिखनी चाहिए। इस आंदोलन का नाम मोर आवास मोर अधिकार आंदोलन है। सबसे पहले आवासहीन हितग्राहियों के पैर पखारकर आंदोलन में उनका स्वागत किया गया था। उसके बाद यह आंदोलन शुरू हुआ था।

वहीं कार्यक्रम में झारखंड के पूर्व सीएम रघुवर दास ने कहा- आज के घेराव से स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश की जनता बदलाव के मूड में है। आजादी के इतने सालों के बाद भी यहां गरीबों को आवास की सुविधा नहीं मिली है। 7.5 लाख बेघरों का घर बनाने का काम रमन सिंह ने किया था।

#### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का बीजेपी पर हमला

*वहीं बीजेपी के आंदोलन पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने निशाना साधा है। मरकाम ने कहा- भाजपा के आंदोलन को जनता ने नकारा दिया। 1 लाख का दावा किया था बमुश्किल दस हजार भी नहीं जुटे। भाजपा का झूठ जुमलो से भरा घड़ा फूट गया। विधानसभा घेराव में पीएम आवास के हितग्राही नहीं, बल्कि भाजपा ग्राही ही नजर आए। प्रधानमंत्री आवास योजना के विषय में कांग्रेस सरकार का परफॉरमेंस भाजपा शासित राज्यों से बेहतर है। गरीबों के मकान बनाने में भूपेश सरकार केंद्र सरकार से ज्यादा अंशदान दे रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक आते ही भाजपा को गरीबों की आवास की चिंता होने लगी। असल मायने में भाजपा को गरीबों की नहीं, बल्कि अपनी डूबती राजनीतिक नया को बचाने के लिए इस प्रकार से झूठ से भरे पैंतरा का इस्तेमाल करना पड़ा है। यह वही भाजपा है जिसने 15 साल के सत्ता के दौरान प्रदेश के लाखों गरीबों के आवास और मकान पर बुलडोजर चलाने का काम किया था*

### छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र

## बीजेपी के घेराव पर जमकर हंगामा, विपक्ष का आरोप- विधायकों को रोका जा रहा



**रायपुर.** छत्तीसगढ़ में विधानसभा का बजट सत्र जारी है। बुधवार को सदन में जमकर हंगामा हुआ। दरअसल बीजेपी आज विधानसभा का घेराव कर रही है, और विधायकों को रोके जाने की बात पर सदन में हंगामा हुआ। विधानसभा जाने के रास्ते पर पुलिस ने बैरीकेडिंग कर रखी है। रास्ता को डायवर्ट किया गया है। सदन में इसी बात को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं में बहस हो गई। विपक्ष के नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा विधायकों को विधानसभा आने से रोका जा रहा है। बसपा विधायक इंदु बंजारे और विधायक धर्मजीत? सिंह ने भी पुलिस द्वारा रोके जाने की शिकायत की। गृहमंत्री ने कहा- किसी को भी नहीं रोका जा रहा है।

इस बात पर बीजेपी विधायक रंजना साहू और कांग्रेस विधायक शकुंतला साहू के बीच तीखी बहस हो गई। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि, किसी विधायक को रोके जाने की बात नहीं है। हंगामा बढ़ता गया तो सीट से उठकर विधानसभा के अध्यक्ष चरणदास महंत ने ताम्रध्वज साहू से कहा कि अधिकारियों से कहिए कि विधायकों को न रोका जाए। किसी विधायक को विधानसभा आने से रोका नहीं जा सकता। सूपेबेड़ा पर विपक्ष के नेताओं ने कहा साफ पानी नहीं दे पा रही है सरकार इसलिए लोगों की मौत हुई है। इस पर मंत्री रुद्र गुरु ने कहा कि, पानी की वजह से किसी की मौत नहीं हुई है।

## छत्तीसगढ़ में 5 मजदूरों की दम घुटने से मौत

### काम करके ईंट भट्ठे के ऊपर सो गए, फिर उठे ही नहीं; एक की हालत गंभीर



**महासमुंद।** महासमुंद के गढ़फुलझर में मंगलवार रात ईंट भट्ठे के धुएं से 5 मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। एक की हालत गंभीर है, उसका इलाज बसना सामुदायिक केंद्र में चल रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने श्रमिकों की मौत पर दुख जताया है। बसना थाना क्षेत्र की पूरी घटना है। ग्रामीणों ने बताया, कुंज बिहारी पांडे का ईंट भट्ठा है। कुंज बिहारी माटीकला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष चंदशेखर पांडे के छोटे भाई हैं। उन्होंने श्रमिकों से ईंट बनवाकर उसे पकाने के लिए ठेका दिया हुआ था। यहां 6 श्रमिक गंगा राम बिसी (55 वर्ष), दशरथ बिसी (30 वर्ष), सोना चंद भोई (40 वर्ष), वरुण बरिहा (24 वर्ष), जनक राम बरिहा (35 वर्ष) और मनोहर बिसी (30 वर्ष) काम कर रहे थे। रात 12 बजे तक ईंट भट्ठे में काम चल रहा था।

इसके बाद सभी श्रमिक शराब पीकर भट्ठी के ऊपर लेट गए। ईंट भट्ठे से निकलने वाले धुएं से सभी बेहोश हो गए। बुधवार सुबह 5 बजे एक ग्रामीण ने जब ईंट भट्ठे से धुआं निकलते देखा, तो उसके ऊपर सो रहे लोगों को आवाज लगाई।

### सुपेबेड़ा पर घिरे मंत्री

## साढ़े चार साल में सुपेबेड़ा के लिए टेंडर नहीं निकाल पाने पर घिरे पीएचई मंत्री, विपक्ष का वॉकआउट



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के साढ़े चार साल बाद भी सुपेबेड़ा में पानी पहुंचाने के लिए टेंडर नहीं कर पाने के मुद्दे पर विपक्ष ने पीएचई मंत्री रूद्र कुमार गुरू को घेरा. मंत्री ने ऐलान किया कि एक महीने में टेंडर कराएंगे और शीघ्र काम शुरू होगा. मंत्री के जवाब से विपक्ष के सदस्य संतुष्ट नहीं हुए. उन्होंने सरकार पर लोगों को पानी नहीं पिलाने का आरोप लगाकर बहिर्गमन कर दिया। प्रश्नकाल के दौरान डमरूधर पुजारी ने अपने विधानसभा क्षेत्र के सुपेबेड़ा में पानी उपलब्ध कराने के मुद्दे पर सवाल किया. पुजारी ने पूछा कि उनके विधानसभा क्षेत्र बिंद्रानवागढ़ में 2021 से इस साल 31 जनवरी तक जल जीवन मिशन के अंतर्गत कौन-कौन से काम स्वीकृत किए गए हैं. पीएचई मंत्री ने बताया कि रेट्रोफिटिंग नल जल योजना, एकल ग्राम नल जल के अंतर्गत 372 काम स्वीकृत हैं. इसी लागत 30341.63 लाख है. फ्लोराइड रिमूवल प्लांट स्थापना के 40 काम स्वीकृत हैं. इसकी लागत 669.62 लाख है.

### गोधन न्याय योजना

बजट में किसानों, मजदूरों, ग्रामीणों सहित सभी वर्गों के हितों का रखा गया ध्यान:- मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को किया 7 करोड़ 4 लाख रूपए का भुगतान




**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में गोधन न्याय योजना के तहत पशुपालक ग्रामीणों, गौठानों से जुड़ी महिला समूहों और गौठान समितियों को 7 करोड़ 4 लाख रूपए की राशि का ऑनलाइन भुगतान किया, जिसमें 16 फरवरी से 28 फरवरी तक गौठानों में पशुपालक ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से क्रय 2.13 लाख क्विंटल गोबर के एवज में 4 करोड़ 25 लाख रूपए, गौठान समितियों को 1.65 करोड़ रूपए और महिला समूहों को 1.14 करोड़ रूपए की लाभांश राशि शामिल है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि हर महीने की 5 से 15 तारीख किसानों के लिए खास होती है। क्योंकि इस दिन उन्हें गोधन न्याय योजना की राशि प्रदान की जाती है। यह खुशी की बात है कि बड़ी संख्या में गौठान स्वावलंबी हो रहे हैं। स्वावलंबी गौठानों को प्रोत्साहित करने के लिए गौठानों की संचालन समिति के अध्यक्ष और सदस्य को मानदेय प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने अन्य गौठानों को भी स्वावलंबी होने का आग्रह किया। श्री बघेल ने कहा कि यह खुशी की बात है कि अब गोबर से अन्य उत्पादों के बनाने के अलावा बिजली बनाने का काम शुरू हो गया है। बस्तर के डोमरपाल में गोबर से बिजली बनाने के संयंत्र को ग्रिड से सिंक्रोनाईज किया जा चुका है। इससे बनने वाली बिजली की दर 9 रूपए प्रति यूनिट तय कर दी गई है। यहां यह उल्लेखनीय है कि गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी में स्वावलंबी गौठान न सिर्फ अपनी सहभागिता निभा रहे हैं बल्कि निरंतर बढ़त बनाए हुए हैं। बीते कई पखवाड़ों से गोबर खरीदी के एवज में भुगतान की जा रही राशि में स्वावलंबी गौठानों की हिस्सेदारी 60 से 70 प्रतिशत तक रहने लगी है। आज की स्थिति में 50 फीसदी से अधिक गौठान स्वावलंबी हो चुके हैं, जो स्वयं की राशि से गोबर एवं गौमूत्र की खरीदी के साथ-साथ गौठान की अन्य गतिविधियों को स्वयं की राशि से पूरा कर रहे हैं। 16 फरवरी से 28 फरवरी तक गौठानों में कुल 2.13 लाख क्विंटल गोबर की खरीदी हुई है, जिसके एवज में गोबर विक्रेताओं को अंतरित की जाने वाली 4.25 करोड़ रूपए की राशि में से 1.92 करोड़ की राशि कृषि विभाग द्वारा तथा 2.33 करोड़ रूपए का भुगतान स्वावलंबी गौठानों द्वारा किया जाएगा। स्वावलंबी गौठानों द्वारा गोबर खरीदी के एवज में अब तक 45.52 करोड़ रूपए का भुगतान स्वयं की राशि से किया गया है।

### अनियमित कर्मचारियों का हल्लाबोल

## 6 सूत्रीय मांगों को लेकर सीएम के नाम अफसरों को दिया ज्ञापन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में संयुक्त अनियमित कर्मचारी संघ ने नियमितिकरण की मांग को लेकर राजधानी रायपुर में हुंकार भरी है। बस्तर समेत प्रदेशभर से कर्मचारी रायपुर पहुंचे। यहां जमकर हल्लाबोल किया। साथ ही 6 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। कर्मचारी संघ का कहना है कि, चुनावी घोषणापत्र में सरकार ने प्रदेशभर के अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने का वादा किया था। लेकिन अब तक नियमित नहीं किया गया है।

संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रवि गढ़पाले ने कहा कि, सरकार के इस रवैए से प्रदेशभर के कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। सरकार बनने से पहले जो वादा किया गया था। उस वादे को अब तक निभाया नहीं जा रहा है। उन्होंने कहा कि, जन घोषणा पत्र के बिंदू क्रमांक 11 में लिखा गया था कि प्रदेश के शासकीय विभागों में कार्यरत अनियमित, संविदा, एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित किया जाएगा।

# परिदृश्यः युवाओं पर निवेश करने की जरूरत, डिजिटल कौशल बढ़ाने की दरकार

*वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले हम तेजी से बदलती नई विश्व व्यवस्था में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बहुत कुछ सुन रहे हैं। हम संभावित जनसांख्यिकी लाभांश के बारे में भी बहुत कुछ सुनेंगे। अपनी युवा आबादी के साथ भारत आने वाले वर्षों में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है, जबकि बुजुर्गों की आबादी वाले चीन में वर्षों के तेज विस्तार के बाद अब अर्थव्यवस्था में धीमी वृद्धि दिखने की संभावना है।*

निस्संदेह, भारत की युवा आबादी अवसरों की एक विशाल खिड़की प्रदान करती है। लेकिन कुछ तल्ख सच्चाइयां भी हैं, जिनकी हम उपेक्षा नहीं कर सकते-यह जरूरी नहीं कि विशाल युवा आबादी होने भर से हमें जनसांख्यिकी लाभांश मिले। इसके लिए हमें अपने युवाओं पर निवेश करने की जरूरत है।

हमारे देश में डिजिटल विभाजन सबसे प्रमुख मुद्दों में से एक है और शहरों व गांवों में रहने वाले लोगों, पुरुषों व महिलाओं के बीच, और देश के विभिन्न इलाकों में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) कौशल के क्षेत्र में इस विभाजन को देखा जा सकता है। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की निगरानी प्रक्रिया के तहत राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) ने जनवरी, 2020 से अगस्त, 2021 के बीच 2,76,409 भारतीय परिवारों में एक बहुसूचक सर्वेक्षण किया। हाल में जारी उस सर्वे रिपोर्ट में कई मुद्दों पर दिलचस्प आकंड़े दिए गए हैं। यहां 15 से 24 वर्ष की आयु के युवाओं पर कुछ तथ्य दिए जा रहे हैं, जिन्होंने आईसीटी कौशल क्षमता के बारे में बताया। कुल मिलाकर, एनएसएसओ सर्वेक्षण बताता है कि सरकार की तमाम सुविचारित योजनाओं के बावजूद हमारे युवाओं का एक बड़ा हिस्सा ऑनलाइन काम करने या अध्ययन करने के लिए तैयार नहीं है। कंप्यूटर कौशल का आकलन करने के लिए पूछे गए नौ सवालों में से मात्र एक को लें, 15-24 आयु वर्ग के लगभग 27 फीसदी लोग ही संलग्न फाइलों के साथ ईमेल भेज सकते हैं, जबकि यह आधुनिक दुनिया में एक बुनियादी कौशल है। लेकिन जब आप देश के भीतर की असमानताओं को देखते हैं, तो स्थिति और विकट हो जाती है। इसी आयु वर्ग की ग्रामीण महिलाओं के लिए यह आंकड़ा 15.9 फीसदी है, जबकि शहरी महिलाओं के लिए यह आंकड़ा 43.3 फीसदी है। इस मामले में ग्रामीण और शहरी महिलाओं की तुलना में ग्रामीण और शहरी पुरुषों की स्थिति कहीं बेहतर है। शहरी-ग्रामीण या स्त्री-पुरुष विभाजन ही असमानता के एकमात्र बिंदु नहीं है। यदि आप रिपोर्ट को समग्रता में देखें, तो ऐसी तालिकाएं हैं, जो राज्यों के बीच भारी अंतरों को प्रकट करती हैं। केरल में, 15 से 24 वर्ष की आयु के बीच के 73.5 फीसदी ग्रामीण पुरुष संलग्न फाइलों (जैसे-दस्तावेज, चित्र और वीडियो) के साथ ईमेल भेजना जानते हैं। असम में यह आंकड़ा 14.4 फीसदी है; उत्तर प्रदेश में 13.2 फीसदी है, तो तमिलनाडु में यह आंकड़ा 49.9 फीसदी है। 15 से 24 वर्ष के 76 फीसदी शहरी पुरुष संलग्न फाइलों के साथ ईमेल भेज सकते हैं; उत्तर प्रदेश में यह आंकड़ा 35 फीसदी है, तो तमिलनाडु में यह आंकड़ा 69.6 फीसदी है। ग्रामीण भारत में 15-24 आयु वर्ग की युवा लड़कियों की स्थिति भारी असमानताओं को दिखाती है-केरल में 74.1 फीसदी युवतियां संलग्न फाइल के साथ ईमेल भेज सकती हैं। इसकी तुलना यदि ग्रामीण असम से करें, तो वहां यह आंकड़ा मात्र 9.7 फीसदी है। एनएसएसओ सर्वेक्षण कई अन्य संकेतक भी प्रदान करता है। ये सभी बताते हैं कि सभी युवाओं के लिए समान अवसर उपलब्ध नहीं है। और यह उन अवसरों में परिलक्षित होगा, जिनका वे कामकाजी दुनिया में लाभ उठा सकते हैं। इसके पीछे कई कारण हैं। निर्धन राज्यों में हर परिवार के पास कंप्यूटर या एक से अधिक सेलफोन नहीं होते हैं और इन उपकरणों तक पहुंच भारतीय युवाओं के बीच आईसीटी कौशल में भारी असमानताओं का एक कारण हो सकती है। शिक्षा तक पहुंच में भी भारी विभाजन है। एनएसएसओ के ये नवीनतम आंकड़े अंतराल को पाटने की जरूरत को आधिकारिक स्वीकृति देते हैं। लेकिन इस समस्या को पहले भी हरी झंडी दी गई है। एक प्रमुख थिंक टैंक द ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के अनिर्बान शर्मा और चंदोला बसु की वर्ष 2022 की रिपोर्ट में डिजिटल परिवर्तन के लिए भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रम डिजिटल इंडिया मिशन द्वारा की गई पहल को स्वीकार किया गया है और युवाओं को आईटी/आईटीईएस क्षेत्र में रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए आवश्यक कौशल प्रशिक्षण प्रदान किए गए हैं। लेकिन इसने कुछ प्रमुख चुनौतियों को भी रेखांकित किया है। फाउंडेशन की रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनियों ने श्रमिकों के लिए जरूरी कौशल में बढ़ते अंतराल के बारे में चिंता व्यक्त की है। वर्ष 2020 में, भारतीय कंपनियों ने कौशल की कमी को अपनी सबसे बड़ी बाधा माना था, जो उनके द्वारा महसूस की गई चुनौतियों का 34 फीसदी है।



**एनएसएसओ के ताजा सर्वेक्षण के मुताबिक, अब भी बड़ी संख्या में ग्रामीण युवा संलग्न फाइल के साथ ईमेल भेजना नहीं जानते, जबकि यह डिजिटल कौशल की बुनियादी चीज है। जनसांख्यिकी लाभांश का लाभ उठाने के लिए डिजिटल कौशल बढ़ाने की जरूरत है।**

पत्रलेखा चटर्जी

## संपादकीय

### ईडी की कार्रवाई से बिहार भाजपा की उम्मीद

बिहार में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की उम्मीद बहुत बढ़ गई है। लालू प्रसाद के परिवार के खिलाफ और खासतौर से उनके बेटे और राज्य के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ हुई कार्रवाई से भाजपा को अपने लिए संभावना दिख रही है। जमीन के बदले नौकरी के मामले में तेजस्वी के यहां प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने छापा मारा और उससे सीबीआई ने उनको पूछताछ के लिए बुलाया तो अब बिहार भाजपा के नेताओं को लग रहा है कि वे गिरफ्तार हो सकते हैं। ऐसे में राजद के नेता हर हाल में तेजस्वी को गिरफ्तारी से बचाने का प्रयास करेंगे तो नीतीश कुमार उनसे दूरी बनाने का प्रयास कर सकते हैं। इस बीच बिहार भाजपा के नेताओं ने दोनों पार्टियों में फूट डालने का प्रयास शुरू कर दिया है। बिहार भाजपा के सबसे बड़े नेता और राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने एक के बाद एक कई ट्विट करके कहा कि तेजस्वी के यहां छापा मारे जाने और उनकी गिरफ्तारी की संभावना से जदयू खेमे में जश्न का माहौल है। वे बता रहे हैं कि जदयू नेता तेजस्वी की गिरफ्तारी की आस लगाए बैठे हैं ताकि उनके पकड़े जाने के बाद नीतीश कुमार की 2025 तक की राह निष्कंटक हो जाए। असल में भाजपा को लग रहा है कि इस मसले पर दोनों पार्टियों में 2017 की तरह दूरी बनती है तो नीतीश फिर एनडीए खेमे में लौट सकते हैं। नीतीश के अपने करीबी लोग भी ऐसा ही चाहते हैं। ध्यान रहे भाजपा पहले भी कह चुकी है कि नीतीश कुमार की इसी शर्त पर एनडीए में वापसी होगी कि वे बिहार में भाजपा का मुख्यमंत्री बनवाएं। ध्यान रहे समूची हिंदी पट्टी या उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत में बिहार इकलौता राज्य है, जहां भाजपा का मुख्यमंत्री नहीं बना है।

## विस्मृत शिल्प को पुनर्जीवित करने का वक्त, दुनियाभर में पहुंचे इसकी चमक

दुनिया का हर देश संयुक्त राष्ट्र (यूएन) द्वारा प्रस्तावित, 17 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को 2030 तक प्राप्त करने का प्रयास कर रहा है। पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था और एक बड़ी युवा आबादी होने के नाते भारत से इसमें एक अद्वितीय और निर्णायक भूमिका निभाने की उम्मीद है। गरीबी का अंत, भूख का उन्मूलन, लैंगिक समानता आदि न केवल कुछ वैश्विक लक्ष्य हैं, बल्कि किसी भी समाज की बुनियादी जरूरत हैं।

इन्हें स्थायी रूप से हासिल करने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

अब सवाल उठता है कि जब दुनिया रोबोटिक्स और एआर/वीआर जैसी नवीन तकनीकों के उपयोग की ओर बढ़ रही है, तो क्या भारत में पश्चिम का अनुसरण करने से ही समावेशी विकास और सशक्तीकरण सुनिश्चित करना संभव है? यदि हम अपने समृद्ध इतिहास और संस्कृति को देखते हैं, तो हमें वैश्विक लक्ष्यों को प्राप्त करने के उपाय दिखते हैं। बेशक प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे में विकास एवं नवाचार की दिशा में प्रगति महत्वपूर्ण है, पर भारत की पुरानी विरासत यानी हस्तशिल्प को संभालना भी जरूरी है। भारत अपने समृद्ध पारंपरिक शिल्प, जैसे मिट्टी के बर्तनों, लकड़ी व पत्थर की नक्काशी, धातु के काम, पेंटिंग, मुद्रण, कढ़ाई, बुनाई आदि के लिए दुनिया भर में जाना जाता है। प्राचीन काल से प्रचलित भारतीय मलमल, मुद्रित और चित्रित कपड़ा, कढ़ाई वाला कपड़ा, जैसे शिल्प उत्पाद अपनी सुंदरता और शिल्प कौशल के लिए पश्चिमी देशों में मशहूर रहे हैं। अभी भारतीय हस्तशिल्प मुख्यत: अमेरिका, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात, जर्मनी, नीदरलैंड, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, जापान, कनाडा आदि देशों में निर्यात किए जाते हैं। हस्तशिल्प का निर्यात वर्ष 2021-22 के दौरान कुल निर्यात का पांच फीसदी था।

एक श्रम गहन क्षेत्र होने के नाते हस्तशिल्प न केवल लाखों लोगों को रोजगार प्रदान करता है, बल्कि स्थानीय रूप से उपलब्ध कच्चे माल, स्थानीय जनशक्ति और उत्पादों का विवेकपूर्ण उपयोग भी करता है, जो कम से कम कार्बन पदचिह्न छोड़ने के चलते पर्यावरण के अनुकूल है। टिकाऊपन हमेशा भारतीय शिल्प संस्कृति में शामिल रही है, जिससे आसानी से एसडीजी लक्ष्य-सतत उत्पादन और खपत हासिल किया जा सकता है।

पूर्व से पश्चिम, उत्तर से दक्षिण तक भारत की प्रत्येक संस्कृति कम से कम एक शिल्प का उत्पादन करती है। कच्चे माल की खेती से लेकर प्रसंस्करण और अंतिम उत्पाद निर्माण तक शिल्प उत्पादन के सभी चरणों में देश के दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को आजीविका मिलती है। महिलाएं अपने बच्चों और अन्य घरेलू कामों की देखभाल करते हुए शिल्प निर्माण का कार्य कर सकती हैं, जिससे रोजगार में लैंगिक समानता के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। हाल ही में नई सकारात्मक लहर ने लोगों को जागरूक उपभोग, महिला सशक्तीकरण, वोकल फॉर लोकल आदि के लिए प्रेरित किया है, जो शिल्प जागरूकता, शिल्प संवर्धन और विभिन्न रूपों में शिल्प उपयोग की दिशा में अधिक काम करने का संकेत देता है।

यह विस्मृत शिल्प को पुनर्जीवित करने और डिजाइन हस्तक्षेप के माध्यम से उनकी खोई हुई चमक को वापस लाने का समय है, ताकि भारतीय हस्तशिल्प को दुनिया के हर कोने तक ले जाया जा सके। शिल्प की प्रामाणिकता बनाए रखने से उच्च रिटर्न मिलता है और शिल्प में डिजाइन हस्तक्षेप, व्यापक बाजार तक पहुंच सुनिश्चित करता है, जो शिल्प के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करेगा।



**यह डिजाइन हस्तक्षेप के जरिये हस्तशिल्प की खोई हुई चमक को वापस लाने का समय है, ताकि उसे दुनिया के हर कोने तक ले जाया जा सके।**

बबिता भंडारी

## मिला जुला

### एक नजर

#### अतीक का प्लान, शाइस्ता को कमान... उमेश पाल हत्याकांड में 'लेडी बाहुबली' का खूनी खेल!



लखनऊ. उमेश पाल हत्याकांड में अब तक की पड़ताल में यूपी पुलिस को जो राज हासिल हुए हैं, वो बेहद चौंकाने वाले हैं. इस हत्याकांड में अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन का हाथ साफ-साफ दिख रहा है. अतीक तो जेल में बंद था, लेकिन उसकी साजिश पर जेल के बाहर शाइस्ता ही सारा खेल कर रही थी अतीक की बीवी शाइस्ता परवीन अब यूपी पुलिस के टारगेट पर है. वो इस केस में मोस्टवांटेड है, क्योंकि सारा राज वही जानती है. माफिया डॉन अतीक अहमद का बेटा असद, शूटर साबिर, गुड्डू मुस्लिम, मोहम्मद गुलाम, अरमान पर इनाम की रकम बढ़ रही है. 50 हजार से ढाई लाख. ढाई लाख से 5 लाख. यूपी पुलिस छप्पडफाड़ इनाम का ऐलान कर रही है. इस आस में कि कोई ऐसा सुराग हाथ लग जाए जिससे अपराधियों को दबोचा जा सके, लेकिन उसके हाथ खाली के खाली हैं. हत्यारे तो दूर उनकी परछाई तक पुलिस पहुंचने में नाकाम रही. वारदात के 19 दिन होने को हैं.

### राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती कोर्ट पहुंचे, व्हीलचेयर से लाए गए लालू यादव



**बिहार** के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव-राबड़ी देवी और उनकी बेटी तथा राजद सांसद मीसा भारती जमीन के बदले नौकरी मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे. दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने मामले में 16 आरोपियों को पेश होने का आदेश दिया है. लालू प्रसाद यादव को व्हीलचेयर के जरिए कोर्ट में लाया गया. हाल ही में उनका किडनी ट्रांसप्लांट हुआ है. राऊज एवेन्यू कोर्ट की कोर्ट नम्बर 501 में जज गीतांजलि गोयल के सामने सभी पेश होंगे. पेशी को देखते हुए कोर्ट में इंटरनल सिक्योरिटी बढ़ा दी गयी है. लालू यादव पर आरोप है कि उन्होंने रेल मंत्री रहते हुए नौकरी के बदले में लोगों से जमीन ली थी. सीबीआई ने बीते साल 18 मई को लालू यादव के खिलाफ केस दर्ज किया था.

**सीबीआई और ईडी ने की पूछताछ**- इसके पहले 6 मार्च को सीबीआई पटना स्थिति राबड़ी देवी के आवास पर पहुंची थी जहां उसने पूर्व सीएम से सवाल-जवाब किए थे. अगले ही दिन 7 मार्च को सीबीआई की टीम दिल्ली स्थित मीसा भारती के आवास पर पहुंची. यहां पर सीबीआई ने घोटाला मामले में लालू यादव से पूछताछ की. पूछताछ के तीन दिन बाद ईडी की टीम ने लालू यादव, तेजस्वी यादव और उनके परिवार व करीबियों के करीब 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी. इस दौरान ईडी ने दावा किया था कि उसे छानबीन के दौरान 600 करोड़ के आर्थिक अपराध का पता चला है.

### कई राज्यों में बदलने जा रहा मौसम, आंधी-तूफान के साथ कल से झमाझम बारिश



**नई दिल्ली।** देश के कुछ इलाकों में गर्मी तो कुछ राज्यों में मौसम शुष्क है। इस बीच मौसम विज्ञान विभाग ने जो पूर्वानुमान लगाया है उसके मुताबिक बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में 16 से 18 मार्च तक बारिश के आसार हैं। इस दौरान कई जगहों पर आंधी-तूफान आने की भी संभावना है। हवा की गति 30-40 किमी प्रतिघंटे रह सकती है।

मौसम विभाग ने मंगलवार देर शाम अपडेट्स जारी किया था। इसके मुताबिक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, पश्चिम बंगाल और झारखंड में 16-18 मार्च तक आंधी-तूफान के साथ बारिश हो सकती है। वहीं, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भी 17-18 तक बारिश की संभावना है।

### पाकिस्तान में हिंसा, समर्थक सड़क पर... इमरान ने गिरफ्तारी से बचने के लिए चला आखिरी दांव!



**नई दिल्ली.** तोशखाना मामले में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी को लेकर पाक में मंगलवार को जमकर बवाल हुआ. पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान को गिरफ्तार करने के लिए जमान पार्क स्थित उनके आवास पर और पुलिस फोर्स बुलाई गई. इमरान के समर्थकों द्वारा कई घंटे के बवाल के बाद पाकिस्तान की पुलिस पूर्व प्रधानमंत्री को गिरफ्तार नहीं कर सकी. वहीं अब इमरान ने अब कहा है कि वे 18 मार्च को कोर्ट के सामने पेश होंगे और इसकी श्योरिटी लाहौर हाईकोर्ट बार के अध्यक्ष इश्तियार अहमद खान देंगे. मंगलवार को जब कोर्ट के आदेश पर इस्लामाबाद पुलिस की एक टीम इमरान खान को गिरफ्तार करने के लिए लाहौर में उनके घर पर पहुंची.

### 'राहुल गांधी माफी मांगो' के जवाब में विपक्ष ने लहराई तख्तियां, लोकसभा में हंगामा



**नई दिल्ली.** संसद में राहुल गांधी के लंदन वाले बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) आक्रामक है तो वहीं कांग्रेस ने भी पीएम मोदी के विदेशी दौरों के दौरान दिए बयानों की याद दिलाते हुए मोर्चा खोल दिया है. सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच जारी सियासी घमासान के कारण संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के शुरुआती दो दिनों की कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ चुकी है. आज संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण का तीसरा दिन है.

राहुल गांधी विदेश दौरे से स्वदेश लौट आए हैं. कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी आज संसद की कार्यवाही में भी शामिल हो सकते हैं. गौरतलब है कि राहुल गांधी के लंदन में दिए बयान पर देश में हंगामा मचा है. राहुल गांधी के माफी मांगने की मांग करते हुए बीजेपी के सांसद संसद में आक्रामक हैं और लगातार कांग्रेस पार्टी को घेर रहे हैं. संसद भवन परिसर में स्थित गांधी प्रतिमा के सामने बुधवार को टीएमसी के सांसदों ने प्रदर्शन किया. टीएमसी सांसदों ने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन किया. राज्यसभा में बुधवार को भी राहुल गांधी के बयान पर हंगामा जारी रहा. हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई है.

#### लोकसभा में हंगामा, वेल में आए विपक्ष के सांसद

लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही बीजेपी सांसदों ने राहुल गांधी माफी मांगो के नारे लगाने शुरू कर दिए. इसके जवाब में विपक्षी सांसद हाथों में तख्तियां लेकर वेल में आ गए. विपक्ष के सांसदों ने अडानी मुद्दे पर वी वांट जेपीसी के नारे लगाने शुरू कर दिए.


#### विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक

संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के संसद भवन स्थित कक्ष में विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक हुई. बैठक में अडानी मुद्दे पर सरकार को घेरने की रणनीति पर मंथन किया गया. इस बैठक में 18 विपक्षी दलों के नेता शामिल हुए.

## H3N2 वायरस से अब तक 9 लोगों की मौत

### महाराष्ट्र में 352 मरीज मिले; पुडुचेरी में 26 मार्च तक सभी स्कूल बंद करने के निर्देश

नई दिल्ली ए.। देश में H3N2 वायरस का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, देशभर में इस वायरस की वजह से अब तक 9 लोगों की जान जा चुकी है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।




वायरस का सबसे ज्यादा असर महाराष्ट्र में है। यहां अब तक वायरस के 352 मामले सामने आ चुके हैं। पुडुचेरी में सभी स्कूल 16 से 26 मार्च तक बंद कर दिए गए हैं। इधर, दिल्ली में भी लगातार मिल रहे नए केस को देखते हुए बेड और डॉक्टरों की सुविधा बढ़ाई जा रही है। राजधानी के LNJP अस्पताल में 20 बेड का आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है। इसके अलावा 15 डॉक्टरों की टीम को भी विशेष तौर पर नियुक्त किया गया है। असम में भी बुधवार को H3N2 वायरस का एक मामला सामने आया है।

#### महाराष्ट्र में वायरस से दो मौतों का दावा

*मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, महाराष्ट्र में इस वायरस से कथित तौर पर अब तक दो लोगों की मौत हुई है। इनमें अहमदनगर में मेडिकल की पढ़ाई कर रहा एक युवा पिछले हफ्ते अपने दोस्तों के साथ घूमने के लिए अलीबाग गया था। वहां से लौटने के बाद उसकी तबीयत खराब होने लगी।*

*जांच में पता चला कि वह कोविड-19 और H3N2 वायरस से संक्रमित था। अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई। वहीं, नागपुर में वायरस से संक्रमित 78 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई।*

### अब फर्स्ट रिपब्लिक बैंक पर लटकने वाला है ताला, हफ्ते भर के अंदर अमेरिका में तीसरा बैंक कंगाल!




नई दिल्ली. अमेरिकी के बैंकिंग सेक्टर में जो सुनामी आई है, वो थमने का नाम नहीं ले रही है. पहले सिलिकॉन वैली बैंक बंद करने का फैसला किया गया. फिर सिग्नेचर बैंक को बंद कर दिया गया. अब फर्स्ट रिपब्लिक बैंक पर भी ताला लटकने की नौबत आ गई है. महज हफ्तेभर में ये तीसरा बड़ा बैंक है जिसकी हालत बेहद खराब हो चुकी है.

#### बैंक के शेयरों में जोरदार गिरावट

ब्लूमबर्ग के मुताबिक, फर्स्ट रिपब्लिक बैंक के स्टॉक 61.83त्न की गिरावट दर्ज की गई है. बीते हफ्तेभर में आई गिरावट पर नजर डालें तो फर्स्ट रिपब्लिक बैंक Stock की कीमत में 74.25% की गिरावट आ चुकी है. बीते कारोबारी दिन इसका भाव 19 डॉलर प्रति शेयर के निचले स्तर तक पहुंच गया था. कुछ ऐसे ही हालात सिलिकॉन वैली बैंक और सिग्नेचर बैंक के बने थे और इन दोनों ही बैंकों पर ताला लटक गया. अब इस बड़े बैंक के भी धराशायी होने की संभावना बन रही है. वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भी जिन छह अमेरिकी बैंकों को अंडर रिव्यू रखा है, उसमें पहले नंबर पर फर्स्ट रिपब्लिक बैंक का नाम शामिल किया है.

### जिले में 9 परिवहन सुविधा केन्द्र का सफलतापूर्वक किया जा रहा संचालन

# परिवहन सुविधा केंद्र से अब तक 631 हितग्राहियों ने बनाए अपने लर्निंग लाइसेंस

कोण्डागांव। छत्तीसगढ़ में परिवहन संबंधी सेवाओं को आसान और घर के निकट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में परिवहन सुविधा केन्द्र की स्थापना की गई हैं। इसके तहत जिले में कुल 12 परिवहन सुविधा केन्द्र प्रस्तावित है ।

वर्तमान में अब तक कुल 9 परिवहन सुविधा केन्द्रों की स्थापना की जा चुकी हैं एवं शेष बचे 3 परिवहन सुविधा केंद्र हेतु नवीन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने परिवहन संबंधी सेवाओं में विस्तार के लिए पूरे प्रदेश में 1000 परिवहन सुविधा केन्द्रों की स्थापना की घोषणा की है।छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है। जहां परिवहन सुविधा केंद्र की स्थापना की जा रही है। इन सुविधा केंद्रों के बाद अब लोगों को न केवल एजेंटो से छुटकारा मिलेगा बल्कि घर के नजदीक ही परिवहन से संबंधित तमाम कार्य भी पूरे हो जाएंगे। परिवहन सुविधा केन्द्र की स्थापना से एक ओर जहां परिवहन सुविधाओं के लिए लोगों की पहुंच आसान हो जाएगी। वहीं लोगों को इसके संचालन के जरिए रोजगार भी उपलब्ध हो रहा हैं। कोंडागांव जिले के 5 विकासखण्ड में वर्तमान में कुल 9 परिवहन सुविधा केंद्र संचालित किए जा रही है जिसमें से कोण्डागांव ब्लॉक में तीन फरसगांव और केशकाल ब्लॉक




**अब अनाधिकृत एजेंटों के चक्कर में न पड़ने से होगी पैसे और समय की बचत**

में दो-दो एवं बड़ेराजपुर और माकड़ी में एक-एक परिवहन सुविधा केंद्र संचालित हो रही है।

### सुविधा केंद्र में लोगों को शीघ्र मिल रही लाइसेंस की सुविधा

कोण्डागांव के घड़ी चौक में स्थित परिवहन सुविधा केंद्र में जैतपुरी से लाइसेंस बनवाने आये रमेश कुमार नेताम बताते हैं कि मेरा लाइसेंस नहीं बना था लाइसेंस बनाने के लिए आरटीओ ऑफिस या या किसी एजेंट के चक्कर काटना पढ़ रहा था परंतु जब मुझे घर के नजदीक परिवहन सुविधा केंद्र खुलने की जानकारी मिली तो यहां आकर मैनें आवेदन दिया जिससे मेरा लर्निंग लाइसेंस कुछ घंटों में ही बनकर तैयार हो गया। अब घर के नजदीक ही परिवहन सुविधा केंद्र खुलने से हमे बहुत अच्छी सुविधा मिल रही है।

### क्या है परिवहन सुविधा केंद्र

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लोगों को राहत देने के लिए परिवहन विभाग की ओर से क्षेत्रीय परिवहन सुविधा केंद्र ही स्थापना की जा रही है। घड़ी चौक स्थित सुविधा केंद्र के संचालक शिशिर श्रीवास्तव बताते हैं कि यह सरकार की एक अनूठी पहल है इससे पहले लाइसेंस के लिए लोगों को बहुत ज्यादा भटकना पड़ता था। लेकिन जब से सरकार ने राज्य के प्रत्येक विकासखंड अलग-अलग इलाकों के लिए परिवहन सुविधा केंद्र की स्थापना की है तब से लोगों को इससे काफी राहत मिल रही हैं। पहले लोगों को लाइसेंस बनवाने के लिए जिला मुख्यालय में स्थित आरटीओ ऑफिस आना पड़ता था जहां सुबह से शाम तक लाइन में खड़े रहना पड़ता था जिसकी वजह से बहुत से लोग एजेंडों के चंगुल में फंस जाते थे जहां उनसे अतिरिक्त शुल्क लिया जाता था। लेकिन अब घर के आस.पास परिवहन सुविधा केंद्र के खुलने से लोगों को आसानी हो रही है। अब लोग जब चाहे सुविधा केंद्र में आकर लर्निंग के लिए अप्लाई कर सकते हैं। यहां ऑनलाइन आवेदन एवं टेस्टिंग के बाद तत्काल उनका लर्निंग लाइसेंस बनकर तैयार हो जाता है। इससे लोगों को बड़ी सुविधा मिल रही है वर्तमान में हमें लर्निंग के लिए कहा गया है।

## एक नजर

### संकल्प शिक्षण संस्थान में कक्षा 9 वीं मे प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 5 अप्रैल

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज न्यास निधि मद से संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुरए कुनकुरी एवं पत्थलगांव में कक्षा 9 वीं में हिन्दी माध्यम की कुल 116 सीटों में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 05 अप्रैल 2023 निर्धारित की गई है। चयन परीक्षा 16 अप्रैल को जिला मुख्यालय में आयोजित होगी। संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर के प्राचार्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार नवीन शैक्षणिक सत्र में संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में कक्षा 9 वीं में 20 छात्र एवं 20 छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा जिसमें 3 बालक एवं 2 बालिका पहाडी कोरवा या बिरहोर जनजाति वर्ग के होगें। इसी प्रकार संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी में कक्षा 9 वीं में 18 छात्र एवं 18 छात्राओं एवं संकल्प शिक्षण संस्थान पत्थलगांव में कक्षा 9 वीं में 20 छात्र एवं 20 छात्राओं को प्रवेश दिया जायेगा। संकल्प शिक्षण संस्थान में कक्षा 9वीं में प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों को आईआईटीए नीट परीक्षा की तैयारी भी करायी जाती है। प्रवेशित सभी छात्र.छात्राओं को नि:शुल्क आवास, भोजन, गणवेश एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री प्रदाय की जाती है। प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी आवेदन अपने विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एवं संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव में जमा कर सकते है। आवेदन पत्र की पावती आवेदक को दी जाएगी जिसका परीक्षा हेतु रोल नम्बर एवं परीक्षा केंद्र का नाम उल्लेखित होगा। आवेदक को कक्षा 8वीं में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा। आवेदक को अपने आवेदन पत्र के साथ कक्षा 8वीं की अंकसूची जिन स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है, निवासए 2 फोटो, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की फोटो प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। आवेदन पत्र जमा करते समय वहीं पर प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र भी अनिवार्य रूप से प्राप्त करेंगे, जिसके बिना प्रवेश परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं होगी। प्रवेश परीक्षा उपरान्त उसी दिन प्राप्तांक की जानकारी परीक्षा केन्द्रों के सूचना पटल पर प्रदर्शित की जाएगी। प्राप्तांक की प्रावीण्य सूची जिले के लिए नियमानुसार आरक्षण रोस्टर के आधार पर तैयार की जायेगी। तत्पश्चात् पात्र अभ्यर्थियों को उनके प्रावीण्य क्रम के आधार पर एक सीट के विरूद्ध तीन अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के लिए बुलाया जाएगा । आवेदन पत्र एवं अधिक जानकारी जशपुर जिले के वेबसाईट में देखी जा सकती है।

### लू से बचाव के लिए दिशा निर्देश जारी

**दंतेवाड़ा** । जिले में राज्य शासन के निर्देशानुसार लू से बचाव एवं प्रबंधन हेतु दिशा निर्देश जारी किये गये है। जिसके अंतर्गत जिले में भीषण गर्मी पड़ने पर लू के बचाव हेतु जन-सामान्य को उसके लक्षणों की पहचान एवं उपाय तथा प्रारंभिक उपचार हेतु जागरूक किया जाना है। ताकि उक्त परिस्थित में ऐसे व्यक्तियों को बचाया जा सके। सामान्यता लू के मुख्य लक्षण सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का ना आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना लू लगने का प्रमुख कारण है। तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यत: नमक की कमी होता है। लू से बचाव के लिए निम्न बातों को ध्यान में रखना चाहिए। अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जावे, धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध ले पानी अधिक मात्रा में पीये अधिक समय तक धूप में न रहें, गर्मी के दौरान नरम, जलवायु सूती के कपड़े पहनने चाहिए ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे अधिक पसीना आने कि स्थिति में ओ. आर. एस. घोल पीये।

### कलेक्टर ने किया प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन

**दंतेवाड़ा** । कलेक्टर विनीत नंदनवार ने जिले में पदस्थ प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य नए सिरे से कार्य विभाजन किया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री ललित आदित्य नीलम को निम्नलिखित विभाग, शाखाओं के लिए नोडल अधिकारी के रूप में पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, पंचायत, जल संसाधन, सदस्य सचिव/जिला लोक शिक्षा समिति, खादी ग्रामोद्योग, जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर/समन्वयक, ग्राम पंचायत। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण/शहरी), कौशल विकास (सी.एस.एस.डी.ए.),लाईवलीहुड कॉलेज।

## कोंडागांव बाँसकोट में कर्मा जयंती पूर्व तैयारी में जुटे साहू समाज के लोग

बाँसकोट में जिला स्तरीय मां कर्मा जयंती एवं आम सभा का आयोजन



कोंडागाँव । जिला साहू संघ कोंडागाँव के तत्वाधान में साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की 1006 वीं जयंती एवं आदर्श विवाह कार्यक्रम का आयोजन 18/03/2023को ग्राम बांसकोट में किया गया जाएगा।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी छत्तीसगढ़ शासन ,अध्यक्षता टहल सिंह साहू अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ ,विशिष्ट अतिथि संतराम नेताम विधानसभा उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन ,कवासी लखमा कैबिनेट मंत्री, संदीप साहू अध्यक्ष तेल घानी बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रात: 9ः30 बजे साहू सदन से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी तत्पश्चात शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में 11ः00 बजे भक्त माता कर्मा की आरती एवं ध्वजारोहण एवं 11ः15 बजे से सामाजिक चर्चा तहसील अध्यक्ष एवं समाजिक प्रमुख द्वारा किया जाएगा ।

12ः30 बजे से मुख्य अतिथियों का आगमन एवं उद्बोधन कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र-छात्राएं एवं सामाजिक बंधुओं एवं भगनियो को समाज एवं राष्ट्र के लिए उत्कृष्ट कार्य करने हेतु माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कर कमलों से सम्मानित किया जाएगा।

आज के बाँसकोट की बैठक में जिला अध्यक्ष राजेश साहू एवं महामंत्री बसंत साहू ने सभी सामाजिक बंधुओं को दायित्व सौंपते हुए अधिक से अधिक संख्या में पधार कर भक्त माता कर्मा जयंती कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## कलेक्टर चंदन कुमार ने किया बास्तानार विकासखंड में संचालित विकास कार्यों का निरीक्षण

**जगदलपुर।** कलेक्टर श्री चंदन कुमार ने बुधवार को बास्तानार विकासखंड में संचालित विकास कार्यों और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन का निरीक्षण किया। उन्होंने बास्तानार के समीप बन रहे रेस्ट हाउस, ईरपा के देवगुड़ी, मुतनपाल के स्वास्थ्य केंद्र, उचित मूल्य की दुकान में राशन की उपलब्धता, अमृत सरोवर के कार्य, बड़े किलेपाल में संचालित आईटीआई भवन व अन्य भवन के विकास कार्यों और कोड़ेनार में निर्माणधीन ग्रामीण औद्योगिक पार्क का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने देवगुड़ी के जीर्णोद्धार कार्य को समय-सीमा में पूर्ण कर परिसर में सौदर्यीकरण व वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर इसके उपरांत अति संवेदनशील क्षेत्र में स्थित मुतनपाल पहुंचे, जहाँ पर उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पहुंचे कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य





परीक्षण और उपचार के संबंध में जानकारी ली। स्वास्थ्य केंद्र में दी जा रही सेवाओँ, बाह्य रोगी की पंजी, मरीजों की दी जाने वाली दवाईयों, दवाइयों की उपलब्धता, चिकित्सक और स्टाफ की जानकारी ली। उपचार के लिए पहुंचे ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुतनपाल में उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण कर चावल की बोरी में अनाज की मात्रा का तौल करवाया और सेल्समैन से राशन के भंडारण की जानकारी भी ली। उन्होंने पीडीएस दुकान के समीप स्थित पंचायत के खाली भवन को उचित मूल्य की दुकान हेतु उपयोग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मांढर नदी के समीप निर्माण किए जा रहे अमृत सरोवर के कार्य का अवलोकन किया। सरोवर के बंड में शहतूत के पौधों का रोपण और अरहर के बीजों का छिड़काव करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बड़े किलेपाल में संचालित आईटीआई भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान संस्था में पढ़ाई कर रहे बच्चों से उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी लेते हुए इनके शीघ्र निराकरण की बात कही। कलेक्टर ने भवन में विद्युतीकरण के कार्य का अवलोकन कर परिसर को सुरक्षित करने हेतु घेराव करने, निर्माणधीन अन्य भवनों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत कोड़ेनार में तैयार की जा रही रीपा प्रोजेक्ट का अवलोकन किया।

## कलेक्टर चंदन कुमार ने क्षय रोगियों को वितरित किया अतिरिक्त पोषण आहार सामग्री

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत टीबी मुक्त बस्तर टीबी मुक्त छत्तीसगढ़ टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कलेक्टर एवं रेडक्रॉस सोसायटी के जिला अध्यक्ष श्री चंदन कुमार ने बुधवार 15 मार्च को बड़े किलेपाल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 24 क्षय रोगियों को जिला बस्तर रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से प्रदाय की जा रही अतिरिक्त पोषण सामग्री







का वितरित किए। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि टीबी के मरीजों का चिन्हांकन और उपचार के लिए विशेष प्रयास प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि 15 दिनों से अधिक खांसी होने पर बलगम की जांच कराना जरूरी है। टीबी का रोग विशेष बैक्टीरिया के कारण होता है, जिसके उपचार के दौरान शरीर को अतिरिक्त पोषक आहार की आवश्यकता होती है, जिसके लिए आटा, दाल, तेल, दूध पाउडर और अंडा प्रदाय किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निक्षय मित्र के रूप में कोई भी व्यक्ति टीबी मरीज को गोद ले सकता है तथा लगभग सात सौ से हजार रुपए का आर्थिक सहयोग दे सकता है। उन्होंने सभी टीबी मरीजों को समय समय पर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाने तथा रागी, कोदो, कुटकी आदि पोषक आहार का नियमित तौर पर सेवन करने की सलाह दी।

जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई संपन्न

## छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ ने प्रमुखता व प्रभावी ढंग से रखा शिक्षकों की समस्याओं को

**DEO** ने संगठन के एजेन्डा को गंभीरता से लेते हुए त्वरित व समय सीमा में समाधान का भरोसा दिलाया

कोण्डागांव। जिला कोण्डागांव में परामर्शदात्री समिति की बैठक श्री अशोक पटेल जिला शिक्षा अधिकारी कोण्डागांव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।



जिसमें DEO साहब के द्वारा सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ को आमंत्रित किये साथ ही शिक्षक संघ, छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन, चतुर्थ वर्ग लघु वेतन कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे विभिन्न मांगों को सभी संगठनों ने लिखित रूप से अवगत कराया।

जिले के प्राथमिक शाला में रिक्त पदों पर अविलंब पदोन्नति प्रक्रिया प्रारंभ किया जावे लिपिकीय त्रुटि के कारण पदोन्नति से वंचित हुए हैं उन शिक्षकों की सूची संभागीय कार्यालय को उपलब्ध कराएं, समय मान वेतन हेतु शिक्षा कर्मी रहते सात वर्षों के अधिक वर्षों का एरियर्स राशि भुगतान किया जावे, एलबी संवर्ग का पुरानी पेंशन देय तिथि से जीपी एफ पासबुक संधारण किया जावे, सर्विस बुक संधारण के लिए समय समय पर शिविर का आयोजन हो, विभिन्न अवकाशों का लंबित भुगतान अविलंब हो, उच्च शिक्षा अनुमति एवं अनुमति से वंचित संवर्ग को कार्योत्तर अनुमति प्रदान किया जावे, एकल शिक्षकीय शालाओं में पदोन्नति में पहली प्राथमिकता दी जावे, एलबी संवर्ग के सर्विलियन तिथि एवं विभाग में त्रुटि को सुधार कर संशोधित आदेश जारी किए जाएं के साथ साथ विभिन्न संगठनों ने भी अपनी अपनी मांग रखी, छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक के मांगों पर समय सीमा में समाधान मूलक कार्यवाही कर संगठनों को अवगत कराये जाने का भरोसा दिलाया। आज के इस बैठक में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ से सम्भागीय अध्यक्ष शिवराज ठाकुर,जिला अध्यक्ष कौशल नेताम,जिला उपाध्यक्ष श्रवण मरकाम, जिला प्रवक्ता रोशन हिरवानी, मीडिया प्रमुख रामदेव कौशिक, महेश पटेल, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन,छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ, टीचर एसोशिएशन, छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फ़ेडरेशन, शिक्षक वेलफेयर, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, राजपत्रित संघ, लिपिक संघ वाहन चालक संघ , सीएसी संघ के साथ अन्य संगठनों के बहुत से पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सिद्धि माता मंदिर में मंदिर समिति द्वारा पशुबलि पर रोक

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा की अध्यक्षता में आज बुधवार को विकासखण्ड बेरला के ग्राम सण्डी के ऐतिहासिक सिद्धि माता मंदिर में हो रहे बलिप्रथा के संबंध में मंदिर समिति की बैठक कलेक्टोरेट के दृष्टि सभाकक्ष में आयोजित की गई।




बैठक में पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला, अपर कलेक्टर डॉ अनिल बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकारी रा सुरुचि सिंह, बेरला युगल किशोर उर्वशा, डिप्टी कलेक्टर पिंकी मनहर, तहसीलदार, जपं सीईओ, थाना प्रभारी सहित गांव के सरपंच सचिव एवं मंदिर समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में समिति के सदस्यों ने जिले में स्थित सिद्धि माता मंदिर में प्रतिवर्ष चैत्र कृष्ण पक्ष एकम से तेरस तक हो रहे बलिप्रथा के संबंध में चर्चा की गई। जिसमें मंदिर समिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से पशुबलि प्रथा पर रोक लगाने की सहमति जताई। मंदिर समिति के सदस्य दिनेश सिंह ठाकुर ग्राम बैजलपुर तहसील बेमेतरा द्वारा बताया गया कि वर्ष 1965 में ग्राम के एक गरीब व्यक्ति को माताजी का स्वप्न आया। उस व्यक्ति की मनोकामना पूर्ण होने पर बलि दी गई। वर्ष 1965-95 मंदिर में किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं किया गया। तत्पश्चात 15 सदस्यीय समिति का गठन कर 3 सालों से मंदिर निर्माण कार्य किया जा रहा है। उनके द्वारा बताया गया कि वे स्वयं बलि प्रथा को बंद करना चाहते हैं। इस हेतु मंदिर परिसर में मन्नत मांगने से पहले समिति से सलाह लेने का लेख स्लोगन लिखवाया गया है। बलि देने वालों को ज्योति जलाने की सलाह तथा 500 से 1500 तक दान देने की सलाह दी जाती है। जिससे मंदिर का विकास हो सके। वर्तमान में 2 करोड़ की लागत से मंदिर विकास का कार्य किया जा रहा है। तत्पश्चात ग्राम पंचायत सरपंच ग्राम सण्डी द्वारा बताया गया कि मंदिर में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मन्नत पूर्ण होने पर बलि दी जाती है, जिसे लगातार रोकने का प्रयास किया जा रहा है। बलिप्रथा से कृषकों को परेशानी हो रही है। अज्ञात लोगों द्वारा शराब पीकर गाली गलौज एवं मारपीट की जा रही है। बैठक में मंदिर समिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से पशुबलि प्रथा पर रोक लगाने की सहमति जताई। कलेक्टर एल्मा ने निर्देशित किया कि मंदिर परिसर में बलि प्रथा तथा अन्य मादक पदार्थों के सेवन को हतोत्साहित किया जावे एवं पशुबलि के स्थान पर मंदिर में दीपक ज्योत जलाने अथवा मनोकामना की पूर्ति हेतु अन्य रुप में श्रद्ध अर्पित करने व भवन निर्माण के लिए राशि दान करने हेतु प्रचार-प्रसार किया जावे।

# रीपा योजना अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों को 20 मार्च तक करें पूर्ण-कलेक्टर

## नवनिर्मित एवं निर्माणाधीन भवनों में गोबर पेंट का करें इस्तेमाल

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।





कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी ने आज जिले के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने सर्वप्रथम पेयजल की समस्या को लेकर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का जिक्र करते हुए पेयजल संबंधी मामलों के निराकरण हेतु सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को सूचित किया। विभाग के अधिकारी ने बताया कि समस्या के निराकरण हेतु हेल्पलाइन नंबर जारी कर दिया गया है, साथ ही आगामी गर्मी मौसम को ध्यान में रखते हुए समुचित व्यवस्था की गई है। रीपा योजना अंतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने उपस्थित सभी सीईओ को जिले के सभी गौठानों में निर्माणाधीन कार्यों को 20 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिए, साथ ही कलेक्टर ने आगामी 25 मार्च को रीपा योजना के कार्यों के उद्घाटन के संबंध में सभी को अवगत कराया और सभी गौठानों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ने हेतु निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जिले में चल रहे सभी भवन निर्माण या स्कूलों में चल रहे मरम्मत कार्य के पश्चात दीवारों में पोताई के दौरान अनिवार्य रूप से गोबर पेंट का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने आगामी निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों को जिले के सभी मतदान केंद्रों का फील्ड वेरिफिकेशन करने को कहा, साथ ही नाम एवं स्थान संबंधी त्रुटियों, विसंगतियों की जांच कर सूचित करने के निर्देश दिए। वृक्ष संपदा योजना अंतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी हितग्राहियों की सूची तैयार करने को कहा। इसके पश्चात कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों में लंबित आवेदनों के निराकरण करने के निर्देश दिए। धान संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुए चावल के भंडारण की स्थिति के बारे में जानकारी ली, साथ ही उपलब्ध खाद जिनमें यूरिया, पोटाश सुपर फास्फेट आदि हैं उसके स्टॉक की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। खाद्य विभाग के अधिकारी ने नए बारदानों की कमी के बारे में अवगत कराया। कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने जिले में चल रहे आयुष्मान कार्ड संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी सीईओ से आधार कार्ड बनाने हेतु कैंप लगाने के संबंध में जानकारी ली,आधार अपडेशन की वस्तुस्थिति के बारे में संबंधित अधिकारी ने जानकारी दी, इसके अलावा आयुष्मान कार्ड के डाटा संबंधी अपडेट को विभाग के अधिकारी ने कलेक्टर के समक्ष साझा किया। श्री धन्वतरी मेडिकल स्टोर योजना अंतर्गत विक्रय के आंकड़ों पर नाराजगी जताते हुए उस पर काम करने को कहा। इसके अलावा जाति प्रमाण पत्र जारी करने संबंधी कार्यों की समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। राजस्व संबंधी मामलों के कार्यों की समीक्षा करते हुए नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन आधार प्रविष्टि, अभिलेख शुद्धता संबंधी लंबित आवेदनों के शीघ्र निराकरण हेतु निर्देश दिए। इसके साथ ही वर्मी खाद एवं गोमूत्र की खरीदी, स्वावलंबी गौठान, जियोटैगिंग की स्थिति, गौठान निर्माण की स्थिति के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने उपस्थित सभी सीएमओ को अवैध निर्माण के नियमितिकरण हेतु शीघ्रता से कार्य करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने वन अधिकार पत्र, कन्या विवाह, मनरेगा भुगतान संबंधी समस्या, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वन अधिकार पत्र, कृष्ण कुंज, राजीव युवा मितान क्लब, पैरादान, आत्मानंद स्कूलों में चयन प्रक्रिया, वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, लघु वनोपज संग्रहण, सेजेस भर्ती, देवगुड़ी निर्माण, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, जैविक खाद्य भंडारण, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, राजीव गाँधी भूमिहीन किसान योजना सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उक्त बैठक में अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर श्री भागवत जायसवाल एवं सारंगढ़ एसडीएम मोनिका वर्मा एवं बिलाईगढ़ एसडीएम डॉ.स्निग्धा तिवारी साथ ही अन्य विभागों के विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम संबंधी बैठक सम्पन्न

जिले के सभाकक्ष में आज कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी के निर्देशन में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत बैठक आयोजित हुई। उक्त बैठक में कोटपा एक्ट के तहत उल्लेखित प्रावधानों की जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एफ.आर निराला ने दी। डॉ.निराला ने बताया कि धुआं और धुआंरहित उत्पादों में धुआंरहित तंबाकू उत्पादों का सेवन करने वालों की संख्या बढ़ी है। प्राप्त वर्तमान आंकड़ों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि औसत 3.7 साल के बच्चे चबाने वाले तंबाकू उत्पादों का सेवन प्रारंभ करने लगे हैं जो कि चिंता का विषय है। इसके अलावा डॉ.निराला ने उपस्थित सभी अधिकारियों को अपने कार्यालयों को धूम्रपान रहित क्षेत्र घोषित करने हेतु पोस्टर लगाने के लिए कहा, साथ ही तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनाने के लिए संस्थान के निकट बोर्ड लगाने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि आगामी 17 मार्च को तंबाकू निषेध अभियान अंतर्गत सभी शैक्षणिक संस्थानों में वाद-विवाद, निबंध एवं अन्य जागरूकता संबंधी कार्यक्रम करने को कहा।

### पेयजल की समस्या के निराकरण हेतु हेल्पलाइन नंबर जारी

*ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिले में पेयजल संबंधी समस्या के त्वरित निराकरण एवं सुचारु रूप से संचालन/संधारण हेतु कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है, साथ ही उक्त समस्याओं के निराकरण हेतु हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है जो कि सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक कार्य करेगी। पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का दूरभाष नंबर 07768-233089 है। यह प्रकोष्ठ 30 जून 2023 तक प्रभावी रहेगा। विकासखंड सारंगढ़ के नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी उप अभियंता बीएल खरे हैं जिनका संपर्क सूत्र 7999534608 है। विकासखंड बरमकेला के नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी उप अभियंता हैं जिनका संपर्क सूत्र 8602103054 है। विकासखंड बरमकेला के नियंत्रण प्रकोष्ठ सहायक महावीर चौहान जिनका मोबा.नं.9691608380 है। इसके अतिरिक्त विभागीय टोल फ्री नंबर 1800-233-0008 में भी शिकायत एवं सुझाव दर्ज किए जा सकेंगे।*

## संक्षिप्त समाचार

### विधानसभा घेरने सक्ती जिला से पहुंचे हजारों कार्यकर्ता

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।




सक्ती जिला से हजारों कार्यकर्ता विधानसभा घेरने आज रायपुर पहुंचे भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत चन्दा के नेतृत्व में सक्ति, जैजैपुर, चंदपुर से बसों एवं फोर व्हीलर गाड़ियों से ट्रेन गाड़ी से हजारों की संख्या में रायपुर विधानसभा घेरने महिला एवं पुरुषों हिस्सा लिया। जिसमें सक्ती विधानसभा क्षेत्र से जिला प्रभारी गुरुपाल भल्ला, जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत चन्दा, पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू, टिकेश्वर गवेल, रामनरेश यादव, कृष्ण कुमार गबेल, गोविंद देवांगन, चिराग अग्रवाल, अभिषेक शर्मा, भुवन भास्कर यादव, अरुण शर्मा, अमृत लाल साहू, नेतराम चंद्रा, रुपा सिंह, दीनदयाल अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बेलगहना पुलिस की बड़ी कार्यवाही 73 लीटर शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।




पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष कुमार सिंह द्वारा जिले में नारकोटिक्स ड्रग्स और नशीले पदार्थों के खिलाफ चल रहे निजात अभियान के तहत बेलगहना पुलिस ने रेड कार्यवाही करते हुए दो प्रकरणों में अवैध देशी महुआ शराब विक्रय करने वालों को गिरफ्तार किया है। जिसमें मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर चौकी प्रभारी बेलगहना हेमंत सिंह ठाकुर द्वारा उच्चाधिकारियों के निर्देशन में टीम गठित कर ग्राम बिटकुली में रेड कार्यवाही कर दो प्रकरणों में कुल 73 लीटर महुआ शराब कीमती चौदह हजार छः सौ रुपये को जब्त कर पृथक पृथक धारा 34/2 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए। गिरफ्तार किया गया जिसे न्यायालय पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। अवैध नशे के खिलाफ बेलगहना पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

### चावल वितरण में बड़ा खेला, हर 50 किलो के बोरे में 5-10 किलो का झोल

**जगदलपुर** । सरकारी राशन दुकानों में गरीबों को मिलने वाले चावल में बड़ी मात्रा में की जा रही हेराफेरी की शिकायत मिली है. जिसके बाद बस्तर कलेक्टर चंदन कुमार ने जांच के आदेश दिए हैं. जिसको लेकर कलेक्टर ने तीन सदस्य दल भी बनाया है. खाद्य विभाग नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंधक और अपर कलेक्टर की अगुवाई में यह जांच समिति जांच करेगी। दरअसल, हाल ही में बस्तर कलेक्टर चंदन कुमार लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के दौरे पर थे. वहां उन्होंने पीडीएस दुकानों का जायजा भी लिया. इस मौके पर राशन दुकान संचालन करने वाली महिला समूह ने कलेक्टर को चावल बोरे में चावल की मात्रा कम होने की शिकायत की।

राशन दुकान संचालकों ने कलेक्टर को बताया कि, वेयरहाउस से राशन दुकानों में चावल पहुंचता है. एक बोरी में चावल 50 किलो होना चाहिए पर चावल की बोरी में तौल के दौरान मात्रा कम निकलती है. प्रति बोरे में 5 से 10 किलो चावल की कमी की शिकायत दुकानदारों ने कलेक्टर से की है.

# कलेक्टर ने ग्रामीण औद्योगिक पार्क निर्माण कार्य प्रगति के संबंध में अधिकारियों की ली बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने विगत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क निर्माण संबंध में अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण प्रगति की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव सभी जनपद सीईओ एवं निर्माण एजेंसी एवं एनआरएलएम के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में जिले में रीपा हेतु चयनित गौठानों में निर्मित किए जा रहे विभिन्न शेड एवं अन्य अधोसंरचना की कार्य प्रगति की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने घोलेंग, बालाछापर, कोरना, पालीडीह, बगिया जैसे अन्य गौठानो में चल रहे निर्माण कार्य प्रगति की सराहना की साथ ही धीमी प्रगति वाले गौठानो में कार्य में तेजी से प्रगति लाने के लिए कहा।

उन्होंने संबंधित गौठानों के क्रियान्वयन एजेंसी को कार्य मे गंभीरता से प्रगति लाने की हिदायत दी। साथ ही धीमी प्रगति वाले निर्माण इकाईयों को नोटिश जारी करने के निर्देश दिए। इस हेतु इन गौठानों में विभिन्न पालियों में समानांतर कार्य प्रारंभ कराने एवं श्रमिकों की संख्या बढ़ाने की बात कही। साथ ही बिजली, पानी की उपलब्धता भी सुनिश्चित कराने के लिए कहा। सीईओ जिला पंचायत यादव ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि रीपा में संचालित की जाने वाली आजीविका गतिविधियों हेतु चयनित महिला समूह को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है एवं आवश्यक उपकरणों की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही शीघ्र ही समूह के लिए ड्रेस कोड, प्रतीक चिन्ह निर्धारित कर उपलब्ध कराया जाएगा।

# कलेक्टर ने ली निर्माण विभागों की समीक्षा बैठक

## सभी विभागों के लंबित निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराने के दिए निर्देश



जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने विगत दिवस कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभिन्न निर्माण विभागों की बैठक लेकर प्रगतिरत निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी निर्माणाधीन कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण कराने हेतु सभी निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही निर्माण कार्यो के गुणवत्ता पर किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग जशपुर व पत्थलगांव, राष्ट्रीय राजमार्ग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सीजीएमएससी सहित अन्य निर्माण विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग संभाग जशपुर व पत्थलगांव के अंतर्गत निर्माण किये जा रहे शासकीय भवन, स्कूल भवन, विश्राम गृह, इंडोर स्टेडियम सहित अन्य कार्यो की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए कार्य में गंभीरता से तेजी लाने एवं समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को अप्रारम्भ एवं निविदा स्तर के कार्यो में भी शीघ्रता से कार्यवाही पूर्ण करते हुए कार्य प्रारंभ कराने के लिए कहा।

# मावली माता मंदिर में लोगों के समृद्धि व खुशहाली के लिए कवासी ने की प्रार्थना



जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा आज एक दिवसीय प्रवास कार्यक्रम के तहत छिंदगढ़ का दौरा किया। इस दौरान छिंदगढ़ में होने वाले मावली माता मेला में शामिल हुए। जहां उन्होंने मुसरईया माता और मावली माता मंदिर में पूजा अर्चना कर लोगों की समृद्धि व खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर मंत्री कवासी ने मेला में नृत्य कर रहे समूह में शामिल होकर ढोल बजाकर पारंपरिक नृत्य किया। इसके पश्चात उन्होंने ग्रामीणों और मेला में आये हुए लोगों से मिलकर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने छिंदगढ़ में बन रहे नये देवगुड़ी का निरीक्षण किया। मावली मेला जो 12 वर्ष में एक बार होता है। मेला आसपास के क्षेत्र में काफी प्रसिद्ध हैं। इसकी प्रसिद्ध की अंजादा इस बात से लगाया जा सकता है कि मेले में शामिल होने फ्रांस से दंपत्ति शामिल हुए। इस दौरान विदेशी पर्यटको का मंत्री कवासी ने मेले में शामिल होने के लिए आभार व्यक्त किया। विदेशी पर्यटक ने बताया कि हम तीरथढ़ आये हुए थे पर हमें जैसे ही मेले के बारे में पता चला हम यह घुमने आ गये। यहां आने के बाद बहुत ही शांति और सुकून महसूस कर रहे है। साथ ही हम एक अलग ही संस्कृति को देखने का हमें मौका मिला जो कि अदभूत है। इस अवसर पर राजमन बेंजाम, चित्रकोट विधायक, हरीश कवासी अध्यक्ष जिला पंचायत सुकमा, जनपद सदस्य लखमा राम नाग, और अन्य जनप्रतिनिधि सहित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# सक्ती कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

## जिले की सड़के होनी चाहिए सबसे बेहतर

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति में विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा करते हुए समय सीमा की बैठक ली।



कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना सक्ती जिले में बन रहे सड़को की समीक्षा करते हुए उन्होंने पीडब्ल्यूडी एसडीओ राकेश द्विवेदी को जल्द से जल्द काम पूर्ण करने को कहा। एडीबी के फील्ड इंजीनियर मनीष कुमार को कार्यों में देरी होने की वजह से एडीबी विभाग पर नाराज़गी जाहिर करते हुए कहा कार्य जल्द से जल्द पूरा होना चाइए किसी भी लोगो को तकलीफ नहीं होनी चाइए हमारा काम आमजनों को परेशानियों से मुक्त करना है साथ ही साथ कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कहा की सक्ती जिले की सड़कों को सबसे बेहतर करना हमारा लक्ष्य। कलेक्टर ने जिले के स्व सहायता समूह को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार करने, उतपादों का आकर्षक पैकेजिंग के लिए तैयार किए जाने के निर्देश दिए। जिससे वे अपने उत्पादों के बिक्री कर लाभान्वित हो सके। उन्होंने जिले के तहसील कार्यालयों में आयोजित किए जा रहे वृहद राजस्व शिविर का बेहतर क्रियान्वयन करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ दिलाए जाने कहा। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री सुपोषण योजना, रेडी टू ईट वितरणए कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों का व्यवस्थित परीक्षा आयोजन व्यवस्था, राजस्व प्रकरणों की निराकरण की स्थिति, नरवा के कार्य, आश्रम-छात्रावास निरीक्षण, जल जीवन मिशन, राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, मनरेगा, हमर लैब के कार्य लोक सेवा गारंटी, कृष्ण कुंज, राजीव युवा मितान क्लब, हाट-बाजार क्लिनिक योजना, धन्वन्तरी योजना, स्वामी आत्मानंद विद्यालय, निर्माण कार्यों के अद्यतन स्थिति, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, सी-मार्ट, आयुष्मान भारत योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, गौमूत्र खरीदी, गौमूत्र से बनने वाले उत्पादों के विक्रय की स्थिति सहित अन्य विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में एडीएम बीरेन्द्र लकड़ा, एसडीएम मालखरौदा रजनी भगत, एसडीएम सक्ती पंकज डाहिरे, एसडीएम डभरा दिव्या अग्रवाल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### नागरिकों का आयुष्मान आईडी कार्ड बनाने दिए निर्देश

बैठक में कलेक्टर पन्ना ने जिले में आयुष्मान कार्ड बनवाने में जोर दिया उन्होंने कहा यह सरकार कि एक बढ़िया योजना है और हमारा कार्य शासन की योजनाओं को आगे बढ़ाना है। उन्होंने निर्धारित समय सीमा के भीतर आयुष्मान आईडी कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए हैं।

### गोधन न्याय योजना की हुई समीक्षा

कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक के साथ ही जिले में गोधन न्याय योजनांतर्गत किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने जिले के सक्रिय गौठान, गोधन खरीदी, गौठानों में मल्टी, क्टिविटी कार्य, चारागाह, मनरेगा कार्यों की प्रगति रिपोर्ट, वर्मी खाद विक्रय, एसएचजी भुगतान सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तार से जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के गौठानों में गोधन खरीदी की जानकारी लेते हुए समय पर ऑनलाइन एंट्री किये जाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर द्वारा जिले में खाद उपलब्धता की जानकारी मांगे जाने पर नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित द्वारा जानकारी न दिए जाने पर नाराजगी जतायी तथा सभी अधिकारियों को समय सीमा की बैठक में विभागीय अद्यतन जानकारियों के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत विभाग के कार्यों को जमीनी स्तर पर दुरूस्त करने के निर्देश दिए हैं।

## हेरा फेरी 3 में विलेन का रोल करेगा संजय दत्त, अक्षय, सुनील और परेश से होगी टक्कर?



बॉलीवुड इंडस्ट्री की चर्चित फ्रेंचाइजी में एक हेरा फेरी की तीसरी फिल्म हेरा फेरी 3 एक बार फिर चर्चा में बनी हुई है। दरअसल, बीते दिनों खबर आई थी कि अब फिल्म हेरा फेरी 3 में पुरानी स्टारकास्ट यानी अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल ही नजर आएंगे। इसके साथ ही बताया गया था कि कार्तिक आर्यन इस फिल्म में नजर नहीं आएंगे। अब फिल्म हेरा फेरी 3 को लेकर नया अपडेट आया है। रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि इस फिल्म में विलेन के रोल में संजय दत्त नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म हेरा फेरी 3 में विलेन का रोल निभाने के लिए संजय दत को चुना गया है। इस फिल्म में संजय दत्त का रोल काफी दिलचस्प होगा जो लोगों पागल करने वाला होगा।



## मल्टी कट आउटफिट में क्लीवेज फ्लॉन्ट करती नजर आईं चेतना पांडे,

### फोटो की हॉटनेस पर फैंस हुए बेताब

एक्ट्रेस चेतना पांडे अपनी खूबसूरती से फैंस के दिलों में उथल पुथल मचाने का हुनर बखूबी जानती हैं। उनका ये किलर अंदाज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो जाती है। वहीं, लेटेस्ट तस्वीरों में एक्ट्रेस चेतना पांडे बेहद ही सिजलिंग पोज देती नजर आ रही हैं।

चेतना पांडे ने व्हाइट कलर की मल्टी कट आउटफिट पहन रखी हैं, जिसमें वो बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं। टॉप एंगल से ली गई तस्वीरों में एक्ट्रेस चेतना पांडे की क्लीवेज साफ दिखाई दे रही है, जिससे फैंस निगाहें नहीं हटा पा रहे हैं। ओपन हेयर स्टाइल और मिनिमल मेकअप में एक्ट्रेस चेतना पांडे बेहद ही हॉट और गॉर्जियस लग रही हैं। ओपन हेयर स्टाइल और मिनिमल मेकअप में एक्ट्रेस चेतना पांडे बेहद ही हॉट और गॉर्जियस लग रही हैं। खतरों के खिलाड़ी 12 फेम एक्ट्रेस चेतना पांडे अक्सर सोशल मीडिया पर कहर बरपाए रहती हैं। चेतना पांडे इस आउटफिट के साथ बेहद ही ग्लैमरस नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस चेतना पांडे काफी सेक्सी नजर आ रही हैं। वहीं, उनके कर्वी फिगर को देखकर फैंस आहें भर रहे हैं। चेतना पांडे खतरों के खिलाड़ी सीजन 12 में नजर आ चुकी हैं। लेकिन, इस शो में वो ज्यादा कमाल नहीं दिखा पाईं।

## शादी करने और मां बनने पर रिधिमा पंडित ने कह दी बड़ी बात

बहू हमारी रजनीकांत में सुपर ह्यूमनॉइड रोबोट के रूप में फेमस होने वाली रिधिमा पंडित ने पिछले साल सितंबर में अपने एग्स फ्रीज किए थे। वह कहती हैं कि उन्हें अपने फैसले पर गर्व है क्योंकि उसके बाद उनके कई दोस्त इस प्रक्रि या में शामिल हो रहे हैं।

*रिधिमा पंडित का मानना है कि उन्होंने अपने जीवन का सबसे अच्छा निर्णय पिछले साल सितंबर में लिया था, जब उन्होंने अपने एग्स फ्रीज किए थे। वह कहती हैं, मैं आजाद महसूस कर रही हूं। मेरे दिमाग में लंबे समय से एग्स फ्रीज करने की बात चल रही थी और सितंबर में इसके साथ आगे बढ़ना सही लगा, क्योंकि मेरे पास अपने असाइनमेंट के बीच एक महीने का समय था। इसके लिए तैयारी करने और इससे उबरने के लिए यह एक सही फैसला था। इस प्रक्रिया में बेस्ट डॉक्टरों ने मेरा मार्गदर्शन किया। उनका परिवार, खासकर उनकी दिवंगत मां उनके फैसले का समर्थन कर रही थीं। रिधिमा कहती हैं, मेरा परिवार बेहद डेवलप है और इससे भी ज्यादा मेरी मां। मुझे उसके साथ इस बात पर चर्चा करना याद है। जब मैंने उनसे पूछा कि क्या मैं शादी नहीं करना चाहती, सही आदमी नहीं मिला, या काम पर ध्यान था लेकिन बच्चा पैदा करने के लिए तरस रही थी, तो क्या वह इसके लिए पहले से तैयारी कर लेंगी और उन्होंने जवाब दिया, बेशक, बस इसके लिए जाएं ।*



## अनुष्का शेट्टी ने किया अपने आगामी प्रोजेक्ट का ऐलान

### मिस शेट्टी मिस्टर पॉलीशेट्टी में आएंगी नजर




साउथ फिल्म अदाकारा अनुष्का शेट्टी की मचअवेटेड अपकमिंग फिल्म मिस शेट्टी मिस्टर पॉलीशेट्टी का धमाकेदार ऐलान हो चुका है। इस फिल्म का टाइटल मेकर्स ने रिलीज कर दिया। साथ ही निर्माताओं ने अदाकारा अनुष्का शेट्टी और नवीन पॉलीशेट्टी की फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर भी जारी कर दिया है। जारी हुआ फिल्म का पहला पोस्टर काफी शानदार और रिफ्रेशिंग हैं। अदाकारा अनुष्का शेट्टी इस फर्स्ट लुक पोस्टर में काफी खूबसूरत और स्लिम नजर आ रही हैं। इस पोस्टर को जारी करते हुए मेकर्स ने बता दिया है कि फिल्म इसी साल गर्मियों में सिल्वर स्क्रीन पहुंचेगी।

बता दें कि अनुष्का शेट्टी और नवीन पॉलीशेट्टी की फिल्म मिस शेट्टी मिस्टर पॉलीशेट्टी एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। जिसमें अदाकारा लंबे वक्त बाद कॉमेडी करती दिखेंगी। जारी हुए फर्स्ट लुक से साफ है कि फिल्म में अदाकारा एक ऐसी लड़की के किरदार में नजर आने वाली हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा रही तू झूठी मैं मक्कार पांचवें दिन की कमाई में आया जबरदस्त उछाल



होली 2023 वीकेंड पर रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' रिलीज़ हुई थी. लव रंजन के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म ने बुधवार को पहले ही दिन बंपर ओपनिंग की. हालांकि वीकडेज यानी गुरुवार और शुक्रवार को कलेक्शन में गिरावट भी आई लेकिन शनिवार और रविवार को फिल्म को सिनेमाघरों में जमकर फुटफॉल मिला और नए जमाने की इस नई लव स्टोरी को ऑडियंस ने खूब पसंद किया. इसी के साथ फिल्म की कमाई में भी इजाफा हुआ. चलिए यहां जानते हैं 'तू झूठी मैं मक्कार' ने अपनी रिलीज के पांचवें दिन यानी रविवार को कितना बिजनेस किया है. फिल्म लव रंजन के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' में रणबीर और श्रद्धा रोमांटिक केमिस्ट्री दर्शकों को काफी पसंद आ रही है. इसी के साथ फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर शानदार रिस्पांस मिल रहा है. कमाई की बात करें तो फिल्म ने रिलीज के पहले ही दिन 15.73 करोड़ रुपये बटोर लिए थे. वहीं 'तू झूठी मैं मक्कार' ने दूसरे दिन 10.34 करोड़ रुपयों का कलेक्शन किया. ने तीसरे 10.52 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. वहीं 'तू झूठी मैं मक्कार' ने पहले शनिवार यानी चौथे दिन कमाई के मामले में जबरदस्त उछाल लेते हुए 16.57 करोड़ बटोरे. फिल्म के पांचवें दिन यानी संडे के कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं.

बता दें कि सैकलिन की रिपोर्ट के मुताबिक 'तू झूठी मैं मक्कार' ने रविवार को 17.50 करोड़ रुपये का शानदार कलेक्शन किया है. इसी के साथ फिल्म का कुल कलेक्शन अब 70.66 करोड़ रुपये हो गया है.

## खेल

# मिशन वर्ल्ड कप पर टीम इंडिया

### भारत-ऑस्ट्रेलिया दावेदार, वनडे सीरीज एक-दूजे की वीकनेस-स्ट्रेंथ जानने का मौका

**मुंबई।** भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीत ली है। टीम ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी प्रवेश कर लिया है।

अब भारतीय टीम मिशन वनडे वर्ल्ड कप पर है। जो अक्टूबर-नवंबर में भारतीय सरजमीं पर ही खेला जाना है। टीम इंडिया ने आखिरी आखिरी वर्ल्ड कप भी अपनी सरजमीं पर ही जीता था। तब महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने श्रीलंका को 6 विकेट से हराया था। ऐसे में रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम को अपनी तैयारी भी पुख्ता रखनी होगी, क्योंकि भारतीय फैंस की उम्मीदें उस इतिहास को दोहराते देखने की होंगी। इस स्टोरी में आप भारतीय टीम के मिशन वर्ल्ड कप का रोड़मैप जानेंगे। साथ ही जानेंगे कि इस मिशन में टीम इंडिया को किन-किन चुनौतियों से पार पाना होगा और हमारे हथियार क्या होंगे। हम भारत के पॉसिबल स्क्वॉड पर भी बात करेंगे और साथ ही एक्सपर्ट की राय भी लेंगे...

### सबसे पहले देखते हैं वर्ल्ड कप से पहले भारतीय टीम के वनडे मुकाबले

एशिया कप में भारत के खेलने और न खेलने पर संशय है। खेलने की स्थिति में उसे 5 लीग मैच खेलने होंगे और फाइनल में पहुंचने पर एक फाइनल मैच।

* एशिया कप में भारत के खेलने और न खेलने पर संशय है। खेलने की स्थिति में उसे 5 लीग मैच खेलने होंगे और फाइनल में पहुंचने पर एक फाइनल मैच।




### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से मिशन की शुरुआत

*राहुल द्रविड़ की कोचिंग वाली भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से अपने वर्ल्ड कप अभियान का आगाज करेगी। टीम को वर्ल्ड कप से पहले कम से कम 14 वनडे मैच खेलने हैं। इनमें 9 द्विपक्षीय सीरीज के और 5 एशिया कप के मैच होंगे। यदि भारत एशिया कप के फाइनल में पहुंचता है तो एक मैच और बढ़ जाएगा।*



### वर्ल्ड कप 2023 से पहले भारत के वनडे मैच

| खिलाफ | कहां | मैच | कब |
|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | भारत | 3 | मार्च 2023 |
| वेस्टइंडीज | वेस्टइंडीज | 3 | जुलाई 2023 |
| एशिया कप | पाकिस्तान | 5* | सितंबर 2023 |
| ऑस्ट्रेलिया | भारत | 3 | सितंबर 2023 |

## महिला मुक्केबाजों के लिये बढ़ रहे अवसर : मैरी कॉम



**नयी दिल्ली ।** दिग्गज भारतीय मुक्केबाज और छह बार की विश्व चैंपियन एमसी मैरी कॉम ने महिला विश्व चैंपियनशिप की ब्रांड अंबैसडर बनने पर कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हुए तीव्र बदलावों के कारण महिला मुक्केबाजों को ज्यादा अवसर मिल रहे हैं। मैरी कॉम ने यहां पत्रकारों से कहा, पिछले कुछ सालों में (महिला मुक्केबाजी का परिदृश्य) काफी हद तक बदला है। पुरुष मुक्केबाजी की तुलना में महिलाओं के आयोजन ज्यादा नहीं होते थे। पहले (राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में) कुछ राज्यों की महिलाएं ही हिस्सा लेती थीं। अब हम देखते हैं कि राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं या विश्वविद्यालय स्तर की प्रतियोगिताओं मेंज. भारत में जितनी भी प्रतियोगिताएं होती हैं उनमें सभी राज्य अपनी महिलाओं को भेज रहे हैं। सिर्फ सीनियर महिलाओं के लिये ही नहीं बल्कि यूथ, जूनियर और सब-जूनियर स्तर पर भी लड़कियों को ज्यादा से ज्यादा खेलने का मौका मिल रहा है। साथ ही अच्छा प्रदर्शन करने पर उन्हें विदेश में भारत का प्रतिनिधित्व करने का गौरव हासिल होता है।

मैरी कॉम ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) द्वारा उन्हें महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप का ब्रांड अंबैसडर बनाये जाने के बाद यह बात कही। मेज़बान बीएफआई ने मैरी कॉम के अलावा बॉलिवुड अभिनेता फरहान अख्तर को भी चैंपियनशिप का ब्रांड अंबैसडर बनाया है।

## सालेर्निटाना ने सीरी ए में मिलान के विजय रथ को रोका

रोम । इंटर मिलान को अपने शानदार फॉर्म पर ब्रेक लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा। सेरी ए में सालेर्निताना ने मिलान को ड्रॉ खेलने को मजबूर कर दिया। यह मैच 1-1 से ड्रॉ रहा।



पिछले हफ्ते यूईएफए चैंपियंस लीग में टोटेनहम हॉटस्पर को हराने के बाद, रोसोनेरी मैच में अपने शुरुआती लाइन-अप में बिना किसी इतालवी खिलाड़ी के मैदान में उतरा। मेजबान टीम शुरू से ही आक्रामक रही और कई मौके मिले, लेकिन 45वें मिनट तक टीम प्रतिद्वंदी के किले को भेदने में कामयाब नहीं हुई। जब ओलिवर गिरौड ने इस्माइल बेनासेर के कॉर्नर से गोल करके टीम को बढ़त दिलायी।

सालेर्निताना ने एक घंटे के अंदर बराबरी कर ली जब डोमगोज ब्रेडारिक ने बायीं ओर से गोल किया, जब एंटोनियो कैंड्रेवा के शानदार शॉट ने उसे करीब से गोल करने का मौका दिया।

नेराजुरी ने कोपा इटालिया और सीरी ए में लगातार तीन जीत के साथ कल के मैच में प्रवेश किया, लेकिन लुइगी फेरारीस स्टेडियम में इंटर मिलान के लिए दिन सही नहीं था, क्योंकि उनके पास बेहतरीन खिलाड़ी होने के बावजूद ज्यादा गोल दागने में नाकाम रहे।

## एक नजर

### फ्रंटियर की एकतरफा जीत, यंगस्टर हारी



**नयी दिल्ली ।** यशस की शानदार तिकड़ी की मदद से फ्रंटियर एफसी ने रॉयल एफसी को 7-0 रौंदकर फुटबॉल दिल्ली ए-डिवीजन लीग में पहली जीत दर्ज की।

नेहरू स्टेडियम पर खेले गये दिन के दूसरे मैच में यंगस्पोर्ट एफसी ने यंगस्टर एफसी को एक गोल से परास्त किया। विजेता टीम की जीत का हीरो गोलकीपर विष्णु नसकर रहा जिसने आधा दर्जन अवसरों पर सुंदर बचाव किये। विजयी गोल सुमन डोलुई ने जमाया।

फ्रंटियर के मैन ऑफ द मैच यशस की तिकड़ी के अलावा डेविड ने दो, जबकि पार्थ और अमन ने एक-एक गोल जमाये। फ्रंटियर और रॉयल अंक तालिका में सबसे निचले पायेदान पर हैं, जबकि यंगस्टर को उसकी पहली हार मिली है।

### अहमदाबाद में चौथा टेस्ट ड्रॉ, भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2-1 से जीती



**अहमदाबाद ।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चौथा टेस्ट ड्रॉ हो गया, जिसमें मेजबानों ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला 2-1 से जीती और ट्रॉफी को घर पर बरकरार रखा। मैच समाप्त होने में एक घंटे से अधिक समय शेष रहने के साथ, दोनों टीमों ने मैच को समाप्त करने का आह्वान किया, जिससे यह टेस्ट ड्रॉ पर खत्म हुआ। भारत ने घर में अपनी लगातार 16वीं श्रृंखला जीत हासिल की। इसके अलावा, यह भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथी सीधी श्रृंखला है, जो 2-1 पर समाप्त हुई है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया 7 से 11 जून तक इंग्लैंड के ओवल में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में फिर से भिड़ेंगे। हेगले ओवल में न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को रोमांचक आखिरी गेंद पर दो विकेट से हराकर भारत का स्थान पक्का कर दिया।

यह अहमदाबाद में एक टेस्ट मैच था, जहां पहले तीन टेस्ट में स्पिन की अनुकूल पिचों के विपरीत, धीमी, सपाट पिच पर बल्लेबाजों का दबदबा था, जो सभी तीन दिनों में समाप्त हो गए।

इसके बावजूद, स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने छह विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया के लिए उस्मान ख्वाजा और कैमरुन ग्रीन ने शतक जड़े, जबकि भारत के लिए शुभमन गिल ने 128 और विराट कोहली ने शानदार 186 रन बनाए।

# नक्शा दुरुस्ती के कार्य को रणनीति बनाकर अभियान के रूप में शुरू करें- संभाग आयुक्त डॉ अलंग

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

संभागायुक्त डॉ संजय अलंग ने आज कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के साथ बैकुंठपुर राजस्व अनुविभागीय अधिकारी सहित तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया।



उन्होंने इन कार्यालयों की विभिन्न शाखाओं के काम-काज, संधारित पंजी एवं इनके रख रखाव का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। उन्होंने चालू एवं निराकृत प्रकरणों का भी अवलोकन किया। डॉ अलंग ने एसडीएम एवं तहसील कार्यालयों में राजस्व न्यायालयों के काम काज का भी सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। उन्होंने न्यायालय, डब्ल्यूबीएन, नायब नाजिर, कानूनगो आदि शाखाओं में पहुंचकर संबंधित प्रभारी से उनके दायित्व एवं काम करने के तौर तरीकों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने डब्ल्यूबीएन वासिल बाकी नवीस शाखा को अपडेट रखने के निर्देश दिए।

### अभियान चलाकर करें नक्शा सुधार कार्य

संभागायुक्त डॉ अलंग ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक भी की। इस दौरान नक्शा सुधार के संबंध में विशेष अभियान शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक रणनीति बनाएं और नक्शा अपडेशन का कार्य अभियान के रूप में शुरू करें। आगामी तीन माह में इस अभियान को पूरी गंभीरता और सक्रियता से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि पटवारी प्रतिदिन नक्शा सुधार का काम करें और तहसीलदार इसकी रिपोर्ट लें। उन्होंने कलेक्टर लंगेह से भी इसकी मॉनिटरिंग करने पर चर्चा की।

### हितग्राहियों के आवेदनों के शीघ्र निराकरण कर उनका सहयोग करें

संभागायुक्त डॉ अलंग ने बैठक में कहा कि आम जन को बार-बार पेशी ना आना पड़े, प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें जिससे उनकी मदद हो। उन्होंने कहा कि एक सिस्टम तैयार करें जिससे पक्षकार द्वारा प्रकरण मिलने और निराकृत होने तक पूरे प्रक्रिया की मॉनिटरिंग कर सकें। उन्होंने सभी एसडीएम को धारा 170 ख के तहत प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने बाऊंड ओवर की कार्यवाही कर संबंधित थाने को भी सूचित करने कहा जिससे कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग हो सके। उन्होंने कार्यालय निरीक्षण और बैठक के दौरान राजस्व प्रकरणों, नामांतरण, बंटवारा, अर्थदण्ड, दाण्डिक प्रकरण, पटवारी प्रतिवेदन, डायवर्सन, चालू एवं निराकृत प्रकरणों आदि की समीक्षा की और बेहतर कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर नीलम टोप्पो, बैकुंठपुर एसडीएम अंकिता सोम, सोनहत एसडीएम अमित कुमार सिन्हा सहित तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

## एक नजर

### अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीयन अब 20 मार्च तक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

युवाओं में अग्निवीर भर्ती के प्रति उत्साह को देखते हुए आवेदन करने के लिए ऑनलाइन पंजीयन की तिथि को बढ़ाते हुए 20 मार्च किया गया है। इच्छुक उम्मीदवार वेबसाइट पर जाकर पंजीयन कर सकते हैं। आवेदकों की सहायता हेतु एक हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है। पंजीयन संबंधी प्रश्नों के लिए ऑनलाइन सीईई प्रश्नों के लिए ईमेल कर सकते हैं। साथ ही मोबाइल नंबर 7996157222 पर संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी एवं किसी भी समस्या के लिए सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर के टेलीफ ोन नंबर 0771-2965213 पर भी संपर्क किया जा सकता है। संचालक भर्ती, सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किए जाने हेतु रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया नि:शुल्क किया गया है। जिससे अभ्यर्थी भारतीय सेना के वेबसाईट में लॉग इन कर रजिस्ट्रेशन कर सकते है। वेबसाइट सिस्टम में रैली अधिसूचना, रैली कार्यक्रम, अंतिम परिणाम, पात्रता की जांच, ऑनलाइन सीईई अभ्यास परीक्षा आदि के संबंध में जानकारी उपलब्ध है। सेना में भर्ती के लिए एनसीसी एबीसी सर्टिफिकेटए आईटीआई कोर्स, डिप्लोमा के तहत् उत्कृष्ट खिलाडियों के लिए बोनस अंक प्रावधानित है। उन्हें छूट की पात्रता होगी।

### कार्य में गम्भीर लापरवाही बरतने वाले विभिन्न जनपदों के आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता को पद से किया गया पृथक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

शासकीय कार्यो में गम्भीर लापरवाही बरतने के कारण विभिन्न जनपदों के आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं को उनके पद से पृथक किया गया है। कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सीईओ जनपद पंचायत जशपुर ने आंगनबाड़ी केन्द्र गिरला के कार्यकर्त्ता रेशमा लकड़ा की शैक्षणिक योग्यता फर्जी पाये जाने के फलस्वरूप कार्यकर्त्ता को पद से पृथक किया है। इसी प्रकार जनपद सीईओ दुलदुला ने सपघरा ग्राम पंचायत के आंगनबाड़ी केन्द्र पानिकापारा के कार्यकर्त्ता सरिता पैंकरा को आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता पद से एवं जनपद सीईओ कुनकुरी ने ग्राम पंचायत कलिबा के आंगनबाड़ी केन्द्र घण्डूटोली के आंगनबाड़ी सहायिका श्रद्धा खेस्स को आंगनबाड़ी सहायिका पद से पृथक किया है। इस हेतु संबंधित जनपदों के सीईओ द्वारा उक्त सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं को अपने जनपद पंचायत के सामान्य प्रशासन समिति के बैठक में अनुमोदन किये जाने के पश्चात् छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय के निहित प्रावधान के तहत् कार्य में गम्भीर लापरवाही, उदासीनता आदि कारणों से पद से हटाया गया है।

### 279 करोड़ बिजली बिल बकाया, कनेक्शन कटे तो मचा हड़कंप

**कोरबा** । कोरबा सर्किल के बिजली बिल की बकाया राशि करीब 279 करोड़ रुपए है। इसे कम करने बिजली वितरण कंपनी का मैदानी अमला जांच के बाद कनेक्शन काटे जाने की कार्रवाई में जुटी हुई है। इससे उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया है। इधर बकायादारों के काटी गई बिजली लाइन को उपभोक्ताओं के बिना राशि जमा किए फिर से जोड़ने पर कार्रवाई भी कर रही है। मैदानी अमले की हिदायत को नजरअंदाज करना इन पर भारी पड़ा है। वित्तीय साल की समाप्ति को अब पखवाड़े भर का समय ही शेष रह गया है।

ऐसे में बिजली बिल की बकाया राशि वसूलने वितरण कंपनी शहर व ग्रामीण में मास डिस्कनेक्शन अभियान तेज कर दिया है। मेंटेनेंस में जुटे कर्मचारियों को भी इसमें लगाया है। पिछले वित्तीय साल की समाप्ति तक बिजली बिल का बकाया 245 करोड़ रुपए के करीब था। इस लक्ष्य तक पहुंचने मैदानी अमला जुटा हुआ है। इसके लिए समय-समय पर बिलासपुर वृत्त से पहुंचे अधिकारी सर्किल के अफसरों की बैठक लेकर जरूरी निर्देश भी दे चुके हैं। बिजली वितरण कंपनी ग्रामीण में रोजाना औसतन 92 बकायादारों की बिजली काटी जा रही है। इधर सरकारी विभागों को बिजली बिल की बकाया राशि जमा करने वितरण कंपनी ने 15 मार्च तक मोहलत दी है। इसके लिए नोटिस भी थमाया है। बिजली बिल जमा नहीं करने पर डिस्कनेक्शन के कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। शासकीय विभागों का बकाया 50 करोड़ रुपए के करीब पहुंच गया है। बिजली वितरण विभाग के अधीक्षण यंत्री पीएल सिदार ने बताया कि 15 मार्च के बाद बकाया राशि जमा नहीं करने वाले शासकीय दफ्तरों के बिजली लाइन काटे जाने की कार्रवाई की जाएगी।

### नर कंकाल मिलने से मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस,क्षेत्र में दहशत का माहौल

**बेमेतरा** । छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के भैसामुड़ा ग्राम स्थित एक खेत में नर कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर नर कंकाल को अपने कब्जे में लिया गया।

## दूसरे समाज की लड़की से शादी करने पर एक परिवार को किया बहिष्कृत, 7 लोगों पर मामला दर्ज

**बिलासपुर** । बेलगहना पुलिस ने समाज से बहिष्कृत करने वाले 7 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है. मामला दूसरे समाज की महिला से शादी करने पर परिवार को समाज से बहिष्कृत करने का है. एसपी के निर्देश पर बेलगहना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक, बेलगहना क्षेत्र के खैरझींटी में रहने वाले गेलन उर्फ मुन्नी बाई गंधर्व के परदादा ससुर ने समाज की दूसरी महिला से शादी कर ली थी. उस दौरान समाज के लोगों ने उनके परिवार को समाज से बहिष्कृत कर दिया था, जिसके बाद उनका परिवार समाज से बाहर था और किसी भी कार्यक्रम में उन्हें नहीं बुलाया जाता था, लेकिन जब गेलन उर्फ मुन्नी बाई ने बच्चों के शादी करने का समय आया तो वर्ष 2022 में समाज के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों से मिलकर उन्होंने अपनी समस्या सुनाई।

हालांकि, अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों और समाज के लोगों ने उनके परिवार को समाज में शामिल कर लिया. उसके बाद रिश्तेदारों के घरों में कोई भी कार्यक्रम होने पर उनके परिजन शामिल होने लगे, लेकिन उनके समाज के 7 लोगों ने विरोध शुरू कर दिया. जो रिश्तेदार उनके परिजन को कार्यक्रम में शामिल करते थे वे उनके घर जाकर विरोध जताते थे. साथ ही उस परिवार को समाज से बाहर कर देने की धमकी देते थे. पुलिस ने शिकायत पर 7 लोगों के खिलाफ धारा 294, 34 और नागिरक अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## कांग्रेसी पार्षदों ने खोला तहसीलदार के खिलाफ मोर्चा

### अवैधानिक तरीके से जनता को परेशान करने का आरोप लगाकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



एमसीबी जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ नगर पालिका क्षेत्र के कांग्रेसी पार्षदों ने मनेंद्रगढ़ तहसीलदार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेसी पार्षदों ने बुधवार को तहसीलदार के खिलाफ अवैधानिक तरीके से जनता को परेशान करने की शिकायत कर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। पार्षदों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपे अपने ज्ञापन में उल्लेखित किया है कि मनेंद्रगढ़ तहसीलदार द्वारा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के जरिए तहसील कार्यालय में पहुंचे हितग्राहियों से उनके काम के बदले पैसे रिश्वत की मांग किया जा रहा है पैसा ना देने पर उनके कार्यों को बिना कारण खारिज कर दिया जाता है। तहसील ऑफिस के आवक जावक शाखा के कर्मचारियों द्वारा हितग्राहियों को कहा जाता है कि उनको तहसीलदार द्वारा निर्देशित किया गया है कि सीमांकन एवं अन्य कार्य के आवेदन जमा करने से पहले हितग्राहियों को तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत करना होगा तभी वह उनके आवेदन को जमा कर सकेंगे। लेकिन तहसीलदार के व्यस्तता के कारण दूरदराज से आए हितग्राहियों के आवेदन जमा करने के लिए तीन.चार दिन का समय लगता है। हितग्राही यदि जनप्रतिनिधि पंच सरपंच एवं पार्षदों के माध्यम से उनके साथ आवेदन लेकर प्रस्तुत होते हैं तो उन्हें आवेदन को लेने से मना किया जाता है और उन्हें कहा जाता है कि आवेदक वकील के माध्यम से आए जनप्रतिनिधि के साथ आएंगे तो उनका आवेदन जमा नहीं किया जाएगा यहां तक कि एक पार्षद को तो तहसीलदार ने जेल भिजवाने की भी धमकी दे दी है। कांग्रेस पार्षदों ने तहसीलदार की शिकायत की कि इस प्रकार के अवैधानिक तरीके से जनता काफी परेशान है ऐसा प्रतीत हो रहा है कि तहसीलदार द्वारा कांग्रेसी सरकार की छवि को खराब करने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेसी पार्षदों ने अपने ज्ञापन के माध्यम से तहसीलदार मनेंद्रगढ़ के ऊपर कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्षद अनिल प्रजापतिए अबरार अहमद, सुमित्रा केवटए सपन महतो, अनिल वर्मा, रवि जैन, गिरधर जयसवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना का हो रहा बेहतर क्रियान्वयन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है और पात्र हितग्राहियों का प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान उपलब्ध कराकर लाभान्वित किया जा रहा है। हर नागरिक के लिए रोटी, कपड़ा और मकान अनिवार्य आवश्यकता होती है।




ये तीनों मूलभूत चीजें लोगों के पास होने से निश्चित ही उनका गुजर-बसर आसानी से होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत ऐसे गरीब असहाय परिवारों को पक्का घर उपलब्ध कराया जा रहा है, जो कि सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग में शामिल है। जिनके पास अपने परिवार को रखने के लिए मिट्टी के घर का ही सहारा था। वे आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण अपने निवास हेतु अच्छा आशियाना बनाने में असमर्थ थे। लोगों की इस परेशानी को दूर करने हेतु प्रधानमंत्री आवास जैसी महत्वपूर्ण योजना संचालित की जा रही है जिससे लोगों को आशियाना उपलब्ध हो रहा है। जो गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित हुई है। इसी क्रम में विकासखंड कांसाबेल के ग्राम पंचायत खुटेरा निवासी सिंहासन कुजूर को योजना के तहत पक्के आवास का सपना पूरा हुआ है। हितग्राही बताते हैं कि उनके पुराना घर कच्ची मिट्टी एवं छप्पर वाला मकान था। जहां वे अपनी पत्नी और 2 बच्चों के साथ रहते थे। छप्पर झोपड़ी की जिंदगी से वे परेशान थे। साथ ही रिश्तेदारों के घर आने से उन्हें शर्मिन्दगी होती थी, परंतु मजबूरी में सब कुछ सहन करना पड़ता था। हितग्राही बताते है कि पुराने मकान ठंड एवं गर्मी का मौसम तो आसानी से बित जाता था लेकिन बरसात के दिनों में खाना बनाने एवं रात में सोने में बहुत कठिनाई होती थी। साथ ही जहरीले सांप बिच्छू से अनहोनी का डर भी हमेशा लगा रहता था। हितग्राही कहते है वे निर्धन व मजदूरी पेशा होने के कारण कभी सोच भी नहीं सकते थे कि इतना सुंदर घर अपने जीवन में बना पाएंगे। आज वे अपने पूरे परिवार के साथ अपने घर में अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत उनके घर का निर्माण हो पाया हैए इससे हमारा जीवन स्तर ही बदला है और हम अपने बच्चों के साथ बहुत खुशहाली से जीवन गुजार रहे हैं इसके लिए हितग्राही सिंहासन कुजूर ने सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## जनता के आवास के बहाने मुख्यमंत्री आवास में अपना अस्तित्व तलाशते भाजपाई-सौरव मिश्रा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

भाजपा झूठे आंकड़ों के आधार पर भ्रम फैलाकर प्रधानमंत्री आवास के नाम पर विधानसभा घेराव की नौटंकी करने जा रही है। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने भाजपा नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए हमला बोला है मिश्रा ने कहा कि 15 साल सरकार में रहते कभी अपने सरकारी आवास से बाहर नहीं झांकने वाले भाजपा नेता आज विपक्ष में आते ही जनता को आवास दिलाने का ढोंग कर रहे है।



मिश्रा ने आगे कहा कि भाजपा द्वारा फर्जीवाड़ा करके तथा गरीबों को झूठा सब्जबाग दिखाकर 7 लाख लोगों से फार्म भरवाया गया तथा उन्हीं गरीबों को भाजपा अपने आंदोलन में यह कह कर बुलाई है कि आंदोलन में शामिल होने पर उनको मकान मिलेगा। भाजपा में यदि साहस है तो केंद्र सरकार से कहकर फार्म भरवाये सारे 7 लाख लोग पात्र हो या अपात्र उनको मकान स्वीकृत करवाये तथा उनके हिस्से का केंद्रांश 60 प्रतिशत जमा करवाये केंद्र द्वारा स्वीकृत करने पर राज्य सरकार भी तत्काल उनके मकानों को स्वीकृत करेगी और अपना 40 प्रतिशत हिस्सा भी स्वीकृत करेगी।

मकान देने का झूठा सपना दिखा कर लोगों को आंदोलन में बुलाया है यह दर्शाता है कि अपने दम पर भाजपा में भीड़ इकट्ठा करने का साहस नहीं है। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में 15 साल में मात्र 2 लाख 37 हजार प्रधानमंत्री आवास बनाये गये थे। भाजपा बतायें तब उसने 2011 और 2016 की सर्वे सूची को आधार बना कर और ज्यादा प्रधानमंत्री आवास क्यों नहीं बनायें? तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने अपने अंतिम बजट भाषण में विधानसभा में यह माना था कि उनकी सरकार ने मात्र 2,37,000 प्रधानमंत्री आवास ही बनाए थे तथा शहरी क्षेत्र में मात्र 19,000 मकान ही बनाये गये थे। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में कुल शहरी और ग्रामीण मिलाकर कांग्रेस सरकार बनने के बाद 1,304,000 आवास स्वीकृत हुये है। प्रदेश में 10.57 लाख ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास की मंजूरी हुई जिसमें 8.41 लाख आवास पूर्ण हो चुके हैए शेष में कार्य प्रगति पर है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में लगने वाली राज्यांश का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है। इसी प्रकार शहरी क्षेत्र में 2 लाख 69 हजार मकान स्वीकृत हुये। प्रधानमंत्री आवास के शहरी क्षेत्र का ही यदि तुलनात्मक अध्ययन करे तो रमन सिंह सरकार ने 4 साल में शहरी क्षेत्र में मात्र 19,000 मकान बनाये थे तथा भूपेश सरकार ने 4 साल में 247,000 मकान बनाये है। रमन सरकार ने चार साल में मात्र 272 करोड़ रूपये का राज्यांश दिया था इसके विपरीत कांग्रेस सरकार ने 4 साल में 2100 करोड़ शहरी आवास में राज्यांश दिया है।

## अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति का होली मिलन समारोह सम्पन्न

### होली मिलन में विशिष्ट अतिथि चंद्र मोहन सिंह एसपी मुंगेली ने पत्रकारों को दी बधाई

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।



प्रतिवर्ष अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति छत्तीसगढ़ द्वारा होली मिलन उत्सव का आयोजन करता आ रहा है इस वर्ष भी 14 मार्च को ताला गांव में होली मिलन का कार्यक्रम रखा गया जिसमें अरुण साण्डे को कोरबा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके अलावा होली मिलन में बिलासपुर जिले के साथ कोरबा, रायगढ़, जांजगीर चांपा, मुंगेली, बलौदा के पत्रकार साथी इस उत्सव में शामिल हुए।

होली मिलन के इस उत्सव में विशिष्ट अतिथि के रूप में चंद्र मोहन सिंह मुंगेली एसपी, बिलासपुर प्रेस क्लब के सचिव इरशाद खान, बिलासपुर प्रेस क्लब के पूर्व उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, हरीश चोबे वरिष्ठ पत्रकार, समाज सेवी मनीष लोहरानी, अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के राष्ट्रीय महासचिव महफूज खान, उपाध्यक्ष राकेश प्रताप सिंह परिहार, प्रदेश समिति से उत्तपल सेन गुप्ता, अमित संतवानी, दीपक साहू उपस्थित हुए सभी का गोविन्द शर्मा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा गुलाल लगाकर स्वागत किया होली मिलन की बधाई दी। पत्रकारों की इस होली में पत्रकार नीरज माखीजा, शंकर अधिजा, कोरबा से दीपक साहू, अरुण शेंडे, रायगढ़ से नवरत्न शर्मा, संजय शर्मा, अभिनव पांडे, संजय, नरेंद्र चोबे, बिलासपुर के वरिष्ठ पत्रकार श्याम पाठक, दीपक अग्रवाल, लोकेश बाघमारे, संतोष, अप्पू भाई, जावेद खान, डब्बू ठाकुर, नंदू भाई, मन्नू मानिकपुरी, गोलू कश्यप, सत्येंद्र वर्मा, रूपचंद सहित ब्लाक, तहसील, जिला के सभी पत्रकार शामिल हुए।



# संडी मंदिर परिसर में बलि प्रथा पर रोक लगाने सर्व समाज के सैकड़ो लोग पहुंचे कलेक्टोरेट

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



किसान नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में सर्व समाज के लोगों ने ज्ञापन सौंप, बलि रोकने की लगाई गुहार। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम संडी मंदिर परिसर में बलि प्रथा पर रोक लगाने की मांग को लेकर सर्व समाज के लोगों ने बेमेतरा कलेक्टर पी एलमा को ज्ञापन सौंपा। किसान नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में सर्व समाज के सैकड़ों लोग बुधवार को कलेक्टोरेट पहुंचे। यहां सर्व समाज के लोगों ने जीव हत्या के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। इस अवसर पर किसान नेता ने कहा कि कबीर पंथ के गुरु प्रकाशमुनि नाम साहेब व डॉ भानु प्रताप गुरु गोसाई की अगुवाई में कबीर पंथ के लाखों अनुयायी बलि प्रथा पर रोक लगाने की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में मंगलवार को हजारों कबीरपंथियों ने लोलेसरा मेला स्थल से बेमेतरा कलेक्टर कार्यालय तक 4 किलोमीटर पैदल रैली निकाली। इस दौरान कबीरपंथी हाथों में बैनर,पोस्टर लेकर बलि प्रथा पर रोक लगाने की मांग कर रहे थे। गुरु प्रकाशमुनि नाम साहेब के प्रयास सबके लिए अनुकरणीय है, इसलिए सर्व समाज के लोग बलि प्रथा पर रोक लगाने की मांग कर रहा है।

## दशकों से हो रही बलि प्रथा पर रोक लगाने में प्रशासन नाकाम

बुधवार को बेमेतरा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कलेक्टर को अवगत कराया गया कि दशकों से बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम संडी मंदिर परिसर में बलि प्रथा चली आ रही है, लंबे समय से सर्व समाज के लोग बलि प्रथा पर रोक लगाने प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन प्रशासन इस पर रोक लगाने में नाकाम रहा है। प्रशासन की ओर से ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, जिससे मंदिर परिसर में पशुओं की बलि ना हो।

## रोजाना सैकड़ों पशुओं की दी जा रही बलि

गौरतलब हो कि संडी के मंदिर में प्रतिवर्ष चैत्र कृष्ण पक्ष एकम से तेरस तक खुले तौर पर पशु बली प्रथा होती है। जो इस वर्ष भी 10 मार्च से जारी है। रोजाना सैकड़ों पशुओं की बलि दी जा रही है। इसके अलावा पशुओं की बलि देने वाले लोग मंदिर परिसर व आसपास मदिरापान करते हैं। जो घोर आपत्तिजनक है। जिससे आसपास के गांव का माहौल खराब हो रहा है।

## मंदिर परिसर व आसपास मदिरापान से माहौल बिगड़ा

*बार-बार मंदिर समिति से आग्रह किए जाने बावजूद समिति के सदस्य बलि प्रथा पर रोक लगाने को लेकर गंभीर नहीं है। इसके अलावा मंदिर परिसर व आसपस पशुओं की बलि दे रहे लोगों द्वारा मदिरापान किया जाता है। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रशासन के आदेश पर मंदिर परिसर में बलि प्रथा रोकने को लेकर लोगों को अवगत करायाा गया। मंदिर परिसर में फ्लेक्स, बैनर, पोस्टर से भक्तों को जानकारी दी जा रही है, बावजूद भक्त अपने स्तर पर पशुओं की बलि देता है इस पर मंदिर समिति कोई हस्तक्षेप नहीं है।*

## एक नजर

### पटवारी परीक्षा की प्रतीक्षा सूची से 7 अभ्यर्थियों का किया गया चयन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

पटवारी प्रशिक्षण चयन परीक्षा 2022 के परीक्षा परिणाम की मेरिट सूची के आधार पर जिले में 20 पदों पर भर्ती किए जाने हेतु वर्गवार प्रावीण्य सूची के आधार पर पटवारी प्रशिक्षण शाला में उपस्थित होने के निर्देश जारी किया गया था। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों में से 7 अभ्यर्थियों द्वारा प्रशिक्षण शाला में उपस्थित नहीं होने के कारण प्रतीक्षा सूची के 7 अभ्यर्थियों का वर्गवार चयन कर आगामी 10 दिवस के भीतर प्रधान पाठक पटवारी प्रशिक्षण शाला में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके अंतर्गत ओम प्रकाश तिवारी पिता कामता प्रसाद तिवारी, मकान नम्बर 367, नियर ओल्ड बस स्टैण्ड कुनकुरी, विवेक कुमार गुप्ता पिता श्रवण गुप्ता मकान नंबर 2 रेमते रोड जामटोली कुनकुरी, ब्रजेश भगत पिता कृष्णा राम मकान नंबर 1009 आदर्श नगर कुनकुरी, सिलबिनुस कुजूर पिता नोरेन कुजूर, मकान नं. 59, बेहरापाराए आईटीआई रोड़, धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ अमर संकेत खलखो पिता अविनाश चंद्र खलखो मकान नं.118, ग्राम बालाछापर धवठाटोलीए,देवप्रिया पैंकरा पिता यूपी पैंकरा, केयर ऑफ उत्तम प्रसाद पैंकरा, ग्राम खुंटापानी एवं प्रतिभा चौराथे पिता ब्लासू राम मकान नं. 65, राधास्वामी नगर, रायपुर शामिल है। उक्त सभी चयनित अभ्यार्थियों को आगामी 10 दिवस के भीतर पटवारी प्रशिक्षण हेतु प्रधान पाठक पटवारी प्रशिक्षण शाला अम्बिकापुर में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

### यात्रियों को राहत पहुचाने गम्हरिया चौक पर ऑटो किराया सूची बोर्ड किया गया प्रदर्शित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने जिला मुख्यालय आने वाले यात्रियों व राहगीरों से ऑटो चालकों द्वारा निर्धारित दर से अधिक किराया वसूली की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए जिला परिवहन अधिकारी को तत्काल आमजनों को राहत पहुचाने के निर्देश दिए थे। साथ ही समय-समय पर समस्त ऑटो का किराया के संबंध आकस्मिक निरीक्षण करने के लिए कहा गया है। जिसके परिपालन में जिला परिवहन अधिकारी द्वारा जिले में राहगीर व यात्रियों को सहूलियत प्रदान करने जशपुर नगर के प्रवेश द्वार गम्हरिया चौक पर पेट्रोल चलित एवं डीजल चलित ऑटो रिक्शा की किराया सूची का बोर्ड प्रदर्शित किया गया है। साथ ही सभी ऑटो चालकों को निर्धारित दर के अनुसार ही यात्रियों से किराया वसूल करने के निर्देश जारी किया गया है।

### रोजगार मेला का आयोजन 25 मार्च को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

निजी क्षेत्र की रिक्तियों में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए 25 मार्च 2023 को प्रात:10 बजे से तमनार में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिले में स्थापित विभिन्न औद्योगिक ईकाईयों तथा विभिन्न संस्थानों से तकनीकी एवं गैर तकनीकी पद हेतु लगभग 1100 की रिक्तियां प्राप्त हो चुकी है। इसमें औद्योगिक ईकाईयों की अप्रेंटिसशिप योजना की रिक्तियां भी शामिल है। रिक्तियों की संख्या में बढ़ोत्तरी की संभावना है। प्रस्तावित रोजगार मेला का आयोजन स्थल में ही विभिन्न रिक्तियों तथा अप्रेंटिसशिप योजना के लिए आवेदकों के चयन की कार्यवाही की जाएगी। योग्यताधारी आवेदक समस्त मूल प्रमाण-पत्रों के साथ उपस्थित होकर रोजगार मेला में भाग ले सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### 10 वीं बोर्ड की व्यावसायिक पाठ्यक्रम परीक्षा संपन्न

1 हजार 98 में से 36 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2023 कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा के तहत 15 मार्च को व्यावसायिक पाठ्यक्रम विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 1098 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 1062 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 36 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

# तखतपुर क्षेत्र मे बुढ़ादेव यात्रा की तैयारी जोरो पर

सरपंच, टीआई समेत सैकड़ों लोगों को दिया गया न्यौता

जोहार छत्तीसगढ़-तखतपुर।



छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना का बुढ़ादेव यात्रा के दूसरे चरण की तैयारी पुरे प्रदेश भर मे जोर सोर से चल रही है। कई जिलों का रथ निकल भी चुका है। इसी कड़ी में तखतपुर विधानसभा में भी संगठन का प्रचार प्रचार जोरो पर है। विधानसभा प्रभारी बलराम साहू ने बताया कि इस दौरान सेनानी लोग दर्जनो गांव में बैठक ले रहे है। इसके साथ ही थाना प्रभारी तखतपुर एवं कई सरपंचों को भी इस महाअभियान से जुड़ने का न्योता दिया। उन्होंने आगे बताया कि कल से आराध्य बुढ़ादेव का रथयात्रा बेलतरा विस से प्रारम्भ हो रही है जो मस्तुरी, बिल्हा होते हुए हमारे क्षेत्र में प्रवेश करेगा। जिसके लिए हम लोग कमर कसे हुए हैं। इस यात्रा द्वारा लोगों को हम उनके पुरखों, भाषा, संस्कृति के प्रति लोगों को जागरुक करेंगे। बैठक में देवी प्रसाद साहू, शारदा ध्रुव, घनाराम साहू, दुखी यादव, अनिल कौशिक, जलेश ध्रुव,गनेसु खुसरो, लव कुमार साहू, पियांशु साहू, संतोष संवरा, परदेशी साहू बंसी केंवट, अजय केंवट, हिमांशु साहू, शतयप्रकाश श्रीवास, पार्वती साहू, सरला साहू बलराम साहू हेमन्त निहाल दास सतीश कौशिक इत्यादी शामिल रहे।

# शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी पुलिस के गिरफ्त में

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



प्रार्थीया ने थाना चंदनू में लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 3 मई 2022 के 11 बजे देवीलाल साहू पिता मोहन साहू द्वारा शादी का प्रलोभन देकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर गर्भवती कर देने व शादी करने से मना करते हुये जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट पर थाना चंदनू में धारा 376, 376(2)(एन), 506 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में फरार आरोपी पतासाजी विवेचना के दौरान थाना चंदनू क्षेत्र अंतर्गत रहने वाला आरोपी देवीलाल साहू को पकड़ा गया। 15 मार्च 2023 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन पर थाना चंदनू प्रभारी निरीक्षक प्रमोद शर्मा, सउनि राजेश ठाकुर, आरक्षक शफीक मोहम्मद एवं सायबर सेल प्रभारी सउनि अरविंद शर्मा, प्रधान आरक्षक मोहित चेलक, आरक्षक विक्रम सिंह व अन्य स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# लक्ष्य के अनुरूप निर्धारित समय-सीमा में पूरा करें अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य-सीइओ

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

मिशन अमृत सरोवर के तहत आगामी माह में लक्ष्य के अनुरूप सभी अमृत सरोवरों का निर्माण व उन्नयन कार्य समय सीमा में पूरा करें तथा नरवा मिशन के अंतर्गत लक्षित नालों के विकास व संरक्षण का कार्य मई माह तक अनिवार्य तौर पर पूरा कराएं।

उक्ताशय के निर्देश जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता जैन ने दिए। विभागीय योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक जिला पंचायत के मंथन कक्ष में संपन्न हुई। इसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की सभी योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिला पंचायत सीइओ ने कहा कि तालाब जलस्त्रोत के परंपरागत संसाधन हैं और इनका भूमिगत जलआवर्धन में भी विषेष महत्व है। महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत कोरिया एवं एमसीबी जिले में कुल 150 अमृत सरोवरों का निर्माण एवं उन्नयन किया जा रहा है इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता में लेते हुए तय समय सीमा में पूरा कराएं। तकनीकी अधिकारियों को इस कार्य का निरंतर पर्यवेक्षण करते हुए उन्होंने सारे कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए। नरवा विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला पंचायत सीइओ ने कहा कि प्रत्येक जनपद पंचायत में एक आदर्श नरवा का विकास किया जाना है। मुख्यमंत्री जी की मंशानुरूप इस कार्य को मानक स्तर पर पूरा करें ताकि आने वाले समय में यह एक मानक प्रादर्श की तरह प्रचारित भी किया जा सके। रिज टू वैली एप्रोच में नरवा विकास कार्यों को पूरा करने के लिए उन्होंने जनपद वार समय सीमा तय की।



प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों को पूरा कराने के लिए प्रत्येक जनपद वार समीक्षा करते हुए जिला पंचायत सीइओ ने कहा कि जिन हितग्राहियों को दूसरी और तीसरी किस्त प्राप्त हो चुकी हैं उनके आवास को बनाने में मदद करने के लिए तकनीकी सहायक प्रतिदिन अपने संबंधित ग्राम पंचायतों में भ्रमण करें और हितग्राहियों की समस्याओं का निराकरण करने में मदद करें ताकि बारिश के पहले ही सभी हितग्राही पक्के आवास का लाभ ले सकें।

# डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति को वर्ष 2023 का लाइफटाइम अवार्ड प्रदान किया जाएगा

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




सुदीर्घ साहित्य सेवा एवं हरफ नमौला साहित्य लेखन के लिए विख्यात साहित्यिक सितारे डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति को वर्ष 2023 का लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित अवार्ड मैजिक बुक ऑफ रिकार्ड द्वारा प्रशासनिक सेवा के दौरान उत्कृष्ट साहित्य साधना करते हुए गद्य एवं पद्य की सभी प्रमुख विधाओं में उनकी 42 पुस्तकें एवं 8 साझा काव्य संकलन प्रकाशित होने की उपलब्धि को रिकॉर्डों की जादुई पुस्तक में दर्ज कर प्रदान किया जाएगा। मस्तूरी बिलासपुर निवासी डॉ किशन टण्डन क्रान्ति वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग में उपसंचालक हैं।

वे छत्तीसगढ़ कलमकार मंच के संस्थापक एवं प्रदेशाध्यक्ष भी हैं। पूरे देश में आप एकमात्र प्रशासनिक अधिकारी एवं साहित्यिक सितारे हैं, जिन्हें सुदीर्घ साहित्य सेवा के लिए अति प्रतिष्ठित सम्मान लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड 2023 प्रदान किया जा रहा है। इसके तहत उन्हें सम्मानपत्र, मैडल, ट्रॉफी, राष्ट्रचिन्ह इत्यादि प्रदान किए जाएंगे। साहित्य वाचस्पति डॉ किशन टण्डन क्रान्ति की इस उपलब्धि पर उन्हें अनेक विख्यात हस्तियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इसमें साहित्य जगत के डॉण् जेण् आरण् सोनीए डॉण् आरण् पीण् टण्डनए डॉण् एसण् आरण् बंजारेए श्रीमती शिरोमणि माथुरए प्रो बंशीलाल मण्डलोई, डॉ गोवर्धन मार्शल, जुगेश बंजारे धीरज, अधिवक्ता मणीशंकर दिवाकर गदगद, गणेश्वर आजाद गँवईहा, मनोज खाण्डे मन, तिलक तनौदी, जगतारन प्रसाद डहरे, आचार्य जे आर महिलांगे, मीराआर्ची चौहान, सशक्त हस्ताक्षर के सम्पादक मनोज जायसवाल सहित अन्य गणमान्य नागरिक प्रमुख हैं। यह गौरतलब है कि हाल ही में डॉ किशन टण्डन क्रान्ति को न केवल ग्लोबल ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन द्वारा भारत के 100 महान व्यक्तित्व में स्थान प्रदान कर राष्ट्रीय महात्मा गांधी रत्न सम्मान 2023 प्रदान किया गया है वरन् 2022-23 का भारत भूषण सम्मान तथा जैकी बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा इनका नाम दुनिया के सर्वाधिक होनहार लेखक के रूप में विश्व रिकॉर्ड में दर्ज कर टैलेंट आईकॉन भी प्रदान किए गए हैं।

# वेद ने सुनाया पहाड़ा, कलेक्टर ने खुश होकर गिफ्ट में दिया अपना पेन

यूथ सेंटर में वोकेशनल कोर्स के साथ प्रतियोगिता परीक्षा की करायें तैयारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा आज घरघोड़ा विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों के दौरे पर रहे। जिसके तहत आज वे घरघोड़ा के यूथ सेंटर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से चर्चा की। कलेक्टर सिन्हा ने यूथ सेंटर को बेहतर रूप से डेवलप करने एवं 15 जून तक अवकाश के दरम्यिान स्पेशल क्लास संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वोकेशनल कोर्स के साथ व्यापम, स्पोकन, जेईई, नीट जैसे प्रतियोगिता परीक्षाओं के तैयारी हेतु शिक्षक व्यवस्था के निर्देश दिए। जिससे विद्यार्थी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इस दौरान वे प्राथमिक स्कूल पहुंचे, यहां उन्होंने डिजिटल बोर्ड के माध्यम से पढ़ रहे बच्चों से चर्चा की। उन्होंने पांचवी क्लास के छात्र वेद कुमार यादव से 14 का पहाड़ा पढ़ने को कहा, जिस पर वेद ने पहाड़ा सुनाया, कलेक्टर सिन्हा खुश होकर छात्र देव को अपना पेन गिफ्ट किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे। कलेक्टर सिन्हा घरघोड़ा स्थित आदिवासी बालक एवं बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया। वहां उपस्थित वार्डन ने बताया कि नवनिर्मित बालिका छात्रावास पोस्ट मैट्रिक छात्रावास है, जो आगामी जून से प्रारंभ हो जायेगी। वर्तमान में हॉस्टल प्री-मैट्रिक बालिका छात्रावास में संचालित हो रही है। जिसके पश्चात कलेक्टर सिन्हा

## बालक छात्रावास के मरम्मत एवं रंग-रोगन के दिए निर्देश

बालक छात्रावास पहुंचे एवं बच्चों से चर्चा की। उन्होंने वर्तमान में बच्चों के संख्या की जानकारी ली, हॉस्टल वार्डन द्वारा बताया गया कि उक्त बालक छात्रावास में कुल 145 बच्चे हैं। इस दौरान कलेक्टर सिन्हा ने नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष में बच्चों को शिफ्ट करने के निर्देश दिए। साथ ही छात्रावास के कक्ष में पर्याप्त लाइट की व्यवस्था एवं आवश्यकतानुसार कमरों के मरम्मत व रंगरोगन के कार्य करने के निर्देश दिए, जिससे छात्रावास बेहतर व आकर्षक हो सके। इसी क्रम में उन्होंने घरघोड़ा स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आकर्षक लाईब्रेरी, क्लासरूम एवं लैब की उचित व्यवस्था देखकर सराहना की। कलेक्टर श्री सिन्हा आंगनबाड़ी केन्द्र एवं प्राथमिक शाला चुहकीमार भी पहुंचे। जहां छोटे बच्चों ने कलेक्टर श्री सिन्हा का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी में दिए जा रहे भोजन का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि भोजन की गुणवत्ता बेहतर हैं। जिसके पश्चात वे प्राथमिक शाला पहुंचे तथा शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी ली।



## लाईवलीहुड कालेज में बेहतर कोर्स के साथ संचालन हेतु बनाये कार्ययोजना

*कलेक्टर सिन्हा ने आज पूंजीपथरा स्थित ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज का विजिट किया, यहां उन्होंने दिए जा रहे रीटेल ट्रेनी, ब्यूटी थेरिस्ट जैसे वोकेशनल ट्रेनिंग विजिट कर मैकेनिकल वर्कशॉप का अवलोकन किया। उन्होंने मैनेजमेंट, आवश्यक उपकरण एवं संसाधन की जानकारी ली। उन्होंने लाइवलीहुड कॉलेज को बेहतर बनाने जिला पंचायत सीईओ एवं रोजगार अधिकारी को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। जिससे लाइवलीवुड कॉलेज में बेहतर संसाधनों के साथ मार्केट अनुरूप स्किल डेवलपमेंट के कोर्स संचालित किया जा सके।*

# कौशल विकास हेतु जिले को 2 साल में 65 लाख रुपये आबंटित

## 108 युवाओं को प्रशिक्षण, 89 को दिया गया रोजगार

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक व मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण अध्यक्ष लालजीत सिंह राठिया लगातार जमीनी स्तर पर सामाजिक व राजनीतिक जीवन में अपना वजूद बनाये रखने के साथ साथ लोकहित के अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए वर्तमान विधानसभा सत्र में भी प्रश्नों की झड़ी सी लगा दी है। जिनसे जनहित की योजनाओं के क्रियान्वयन व उनके लाभार्थियों के बारे में जानकारी सार्वजनिक रूप से आ सके। हाल के विधानसभा सत्र के दौरान अब तक उन्होंने मनरेगा योजना, शिक्षा, सड़क व अन्य मुद्दों को लेकर सवाल पूछे हैं। जिनके बारे में संबंधित मंत्री गणों द्वारा आंकड़ों के साथ जवाब प्रस्तुत किए गए हैं। इसके साथ ही विधायक द्वारा विधानसभा में उठाये गए सवालों के बारे में हमारी टीम लगातार रिपोर्टिंग कर रही है। इस कड़ी में अब विधायक लालजीत राठिया ने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना व युवाओं के रोजगार के विषय





### विधायक के सवाल पर उच्च शिक्षा मंत्री ने दी जानकारी

पर सवाल पूछा है। धरमजयगढ़ विधायक लालजीत राठिया ने रायगढ़ जिले में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत संचालित प्रशिक्षण केंद्रों व प्रशिक्षण के विषयों के साथ साथ जनवरी 2023 की स्थिति में प्रशिक्षित युवाओं को जिन संस्थाओं में रोजगार प्राप्त हुआ है उसे लेकर विधानसभा में सवाल पूछा है। जिस पर उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने जवाब प्रस्तुत करते हुए बताया कि जनवरी 2023 की स्थिति में 120 युवाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है। साथ ही 54 संस्थाओं की सूची प्रस्तुत की गई है जहां युवाओं को रोजगार मिला है। इन संस्थानों में अस्पताल, स्कूल, मेडिकल स्टोर, किराना, स्टेशनरी, ऑटो मोबाइल व अन्य क्षेत्रों से जुड़े संस्थाओं के नाम शामिल हैं। वहीं, कौशल विकास से जुड़े विधायक लालजीत राठिया के एक अन्य सवाल जिसमें पिछले 2 साल में रायगढ़ जिले को कौशल विकास हेतु आबंटित राशि, प्रशिक्षण व युवाओं को रोजगार के बारे में सवाल पूछे। जिसके जवाब में उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने विधानसभा में बताया कि रायगढ़ जिले को विगत 2 वर्षों में 65 लाख रुपए आबंटित किए गए हैं। वहीं उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि बीते 2 साल में जिले के कुल 108 युवकों को प्रशिक्षण व 89 युवाओं को रोजगार दिया गया है। प्रस्तुत जानकारी के अनुसार जिले में 5 ट्रेनिंग सेंटर संचालित हैं जिनमे विभिन्न कोर्स की ट्रेनिंग दी जाती है।

# हजारों एकड़ में तरबूज की खेती, दूसरे राज्यों से आ रहे खरीददार

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ क्षेत्र में बहुत ज्यादा मात्रा में तरबूज की खेती की गई है। क्षेत्र के अनेक गांवों में किसानों ने हजारों एकड़ में तरबूज की खेती की है। जो अब पककर तैयार हो चुका है। जिसे खरीदने के लिए दूसरे राज्यों से भी खरीददार आ रहे हैं।



इस क्षेत्र का तरबूज अन्य जिलों के साथ साथ अन्य राज्य झारखंड, बिहार, उत्तरप्रदेश, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल सहित अनेक राज्यों में बिकती है। बाहर से खरीददार आने एवं मौसम ठीक रहने से तरबूज का दाम अच्छा रहता है। जिससे किसान को अच्छी आमदनी हो जाती है। क्षेत्र में मंडी नहीं होने के कारण किसान औने पौने दाम पर बेचने को मजबूर हो जाता है। विगत कई वर्षों से धरमजयगढ़ क्षेत्र में मंडी खोलने की मांग की जा रही है। धरमजयगढ़ क्षेत्र में मक्का की खेती भी बहुत ज्यादा मात्रा में की जाती है। खरीफ एवं रबी दोनों सीजन में मक्का की खेती होती है। शासन द्वारा खरीफ सीजन के मक्का को समर्थन मूल्य में खरीदी की जाती है। लेकिन रबी सीजन के मक्का को किसान व्यपारियों के पास बेचने को मजबूर हो जाता है। जिस कारण उसे उचित मूल्य नहीं मिल पाता है।

# महुआ बीनने की बात को लेकर चाचा की पिटाई

## आरोपी दंपति के खिलाफ मामला दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

थाना क्षेत्र के रैरुमा चौकी अंतर्गत धौराभाठा गांव में कथित तौर पर महुआ फूल बीनने की बात को लेकर रिश्तेदार की पिटाई का मामला सामने आया है। वहीं, प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी दम्पति के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

इस घटना के संबंध में प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि ग्राम बरपाली धौराभाठा का रहने वाला हुं। खेती किसानी का काम करता हुं। प्रार्थी ने बताया कि बीते 13 मार्च की सुबह 6-7 बजे महुआ बिनने गया था। इसी दौरान मेरा भतीजा चमार यादव अपनी पत्नी के साथ मेरे महुआ पेड के पास पहुंच गया तथा मां बहन की




अश्लील गंदी गंदी गाली गलौच करते हुये जान से ये बुडढा को मारकर फेक देंगे की बात करते हुये महुआ को क्यों बिन रहे हो महुआ पेड मेरा है बोला। जिसके बाद चमार यादव की पत्नी धक्का देकर मुझे दबा दी एवं चमार टांगी के बेंट से मेरे सिर में मार दिया जो मेरा सिर फट कर खुन निकलने लगा। मेरे मारपीट को वही पर महुआ बीनते पाराघठिन देखी तथा बीच बचाव करने आ गई। मैं किसी तरह वहां से भाग कर चौकी आकर इस घटना की सूचना दिया। इस मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने

## एक नजर

### अंबेटिकरा मंदिर में प्रज्वलित होंगे सैकड़ों मनोकामना ज्योति कलश

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

चैत्र नवरात्र में अंबेटिकरा मंदिर में सैकड़ों मनोकामना पूर्ति ज्योति कलश प्रज्वलित होंगे। जिसके लिए श्रद्धालुओं द्वारा ज्योति कलश हेतु निर्धारित शुल्क जमा की जा रही है। अंबेटिकरा मंदिर समिति द्वारा धरमजयगढ़, सिथरा, हाटी, कुड़ेकेला, खड़गांव, छाल, खरसिया, रायगढ़, घरघोड़ा, कुडुमकेला, गेरसा, खम्हार, कापू, पत्थलगांव, सीतापुर, राजपुर, लैलूंगा, कोतबा, तपकरा सहित अनेक स्थानों पर रसीद बुक उपलब्ध कराया गया है। जहां से कोई भी श्रद्धालु ज्योति कलश हेतु रसीद प्राप्त कर सकते हैं। अंबेटिकरा माता के मंदिर में प्रतिवर्ष ज्योति कलश की संख्या बढ़ती जा रही है। मंदिर की ख्याति बहुत दूर -दूर तक फैली है। दिनोंदिन श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ती जा रही है। यहां नवरात्रि में प्रतिदिन हजारों भक्त माता का दर्शन करने आते हैं। धरमजयगढ़ से 6 किलोमीटर की दूर मांड नदी के पावन तट पर यह मंदिर कई दशकों पुराना है। चैत्र नवरात्रि में भव्य मेला लगता है। जिसमें अंतिम रात्रि को नाटक प्रतियोगिता आयोजित की जाती है।



### हैप्पीट्यून्स नि:शुल्क किड्स एक्टिविटी ट्यूशन की हुई शुरुआत

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

आज हैप्पीट्यून्स के नि:शुल्क कक्षाओं की शुरुआत हुई जिसमें नन्हें बच्चों के अभिभावकों ने रुचि दिखाई। हैप्पीट्यून्स रायगढ़ में बच्चों के माइंड डेवलपमेंट एक्टिविटी और खेल कूद जैसे एक्टिविटी द्वारा बच्चों को उनके पाठ्यक्रम को पढ़ाने के लिए इसकी शुरुवात की है जिससे बच्चों पर पढ़ाई का बोझ कम हो। यह कोचिंग पूरी तरह से नर्सरी से कक्षा 5वीं तक के बच्चों के लिए ही है। इस कोचिंग में मॉन्टेसरी पैटर्न से पढ़ाई को प्राथमिकता दी जाती है ताकि बच्चे खेल कूद के जरिए ही बच्चे ज्ञान को अर्जित करें। राइट ब्रेन डेवलपमेंट प्रोग्राम के जरिए बच्चों के दिमाग की क्षमता को बढ़ाने एवं जॉली फोनिक्स, किड्स योग एंड डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट इत्यादि जैसे एक्टिविटी सम्मिलित है। 15 मार्च से शुरू हुई नि:शुल्क कक्षाएं 30 मार्च तक चलेंगी। अधिक जानकारी हेतु अभिभावक इस नंबर पर 9993899875 संपर्क करके अपना एडमिशन करवा सकते हैं।



दो बाइक में टक्कर

### एक युवक की मौत, 4 लोग घायल

**कोरबा** । कोरबा में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात को एक सड़क हादसा हो गया। जिसमें एक युवक की मौत, जबकि 4 लोग घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि 2 बाइक में आमन-.सामने टक्कर हो गई। जिसके चलते युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। हादसा दर्री थाना क्षेत्र में हुआ है।

एनटीपीसी प्लांट में ठेका कर्मी के रूप में काम करने वाला हरि सिंह 28 अपने एक साथी के साथ प्लांट से काम खत्म करके देर रात वापस लौट रहा था। दोनों बाइक से अभी दर्री के राजीव नगर के पास पहुंचे थे। तभी यह हादसा हो गया है। बताया गया कि दो बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई थी।

# जैविक किसान मेला एवं टेक फेस्ट महोत्सव 18 मार्च को धरमजयगढ़ में

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

जिला प्रशासन रायगढ़ एवं समस्त विभागों के सहयोग से धरमजयगढ़ में जैविक किसान मेला एवं टेक फेस्ट महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

18 मार्च को 2023 को दशहरा मैदान मंगल भवन के पास में प्रात: 10 बजे से संध्या 6 बजे तक होगा। मेला में जन समावेशी योजनाओं पर चर्चा एवं जानकारी,




पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप बेंचर, शैक्षणिक इनोवेटिव स्लॉट्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, रोबोटिक्स, एम्प्लायमेंट जनरेशन मेला, स्टार्टअप डिस्कशन, प्राइवेट सेक्टर्स विथ एग्रीकल्चर आदि शामिल होगा। मेला में आकर्षण का केंद्र विभिन्न विभागों के स्टॉल, मिलेट्स व्यंजन, मिलेट्स कैफे विथ हेल्थी लाइफस्टाइलए महिला समूहों द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पाद प्रदर्शनी, सांस्कृतिक झलकियां होंगी। यह कार्यक्रम विधायक लालजीत सिंह राठिया के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। वहीं कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा सहित अनेक जनप्रतिनिधि अधिकारीगण शामिल होंगे।

# किसानों की समस्या को लेकर अपेक्स बैंक में एनएसयूआई जिला महासचिव अमर जांगड़े ने सौंपा ज्ञापन

**सारंगढ़।** किसानों को हो रही परेशानी को लेकर एनएसयूआई के जिला महासचिव अमर जांगड़े ने ज्ञापन सौंपा, छत्तीसगढ की भुपेश बघेल की सरकार किसान हितौसी सरकार है जो किसानों को धान का सही समर्थन और सही बोनास दे रही है सरकार के अच्छे कार्यों के बावजूद अपेक्स बैंक सारंगढ़ में किसानों को घंटों लाईन लगना पड़ रहा है जिसको देखते हुए एनएसयूआई के साथियों के साथ अपेक्स बैंक सारंगढ़ पहुंच कर शाखा प्रबंधक जी को ज्ञापन दिया गया की किसानों को पैसा निकासी के लिए घंटों लाईन में लगना और कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसको देखते हुए हो




रही समस्या का निवारण और एटीएम शीघ्र ही किसानों को प्रदान किया जाए ताकि किसी भी किसान को घंटों लाईन में लगना न पड़े । कांग्रेस की सरकार हमेशा किसानों के साथ सुख दु:ख में खड़ी है उक्त मौके पर एनएसयूआई जिला महासचिव राकेश महंत, केशव टंडन ,युवा कांग्रेस विधानसभा महासचिव नवीन यादव धनेश भारद्वाज एनएसयूआई के युवा साथी अविरल यादव, राजा रावत, राजा पूरी गोस्वामी, श्रीकान्त जांगड़े, सुनील कोशले, चंद्रशेखर जाटवार, नितेश श्रीवास वासु श्रीवास और एनएसयूआई के साथियों की उपस्थिति थी।

# दुर्व्यवहार करने वाले आरएमए के खिलाफ़ सीएमएचओ ,कलेक्टर को की गई शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष श्री अजय साहू के साथ होली मिलन कार्यक्रम के पश्चात गोपालपुर ब्लॉक बिलाईगढ़ के आरएमए घनश्याम चंद्रा द्वारा अभद्रता पूर्व व्यवहार किया गया कुछ माह पूर्व ही गोपालपुर पीएचसी में पदस्थ एक कर्मचारी ने दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है जिसकी जांच भी चल रही है ? इसकी शिकायत की प्रति भी सलंग्न है7 जिस तरह से आरएमए चंद्रा द्वारा कई कर्मचारियों से गलत तरीके से बात करता है और व्यवहार क्षुब्ध होकर स्वास्थ्य कर्मचारियों ने इसकी शिकायत कलेक्टर और सीएमएचओ किए है साथ ही स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष टारजन गुप्ता का कहना है की इसके लिए स्थानीय



सीएमएचओ को अल्टीमेटम दिया गया है 15 दिवस के भीतर कारवाही नही होने पर सीएमएचओ का घेराव भी किया जायेगा एवं उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी गई ।

अगर इस प्रकरण में सीएमएचओ की स्पष्ठता नहीं होने पर सीएमएचओ हटाने हेतु आंदोलन तीव्र की जाएगी जिससे जिले की सम्पूर्ण स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित होगी जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही सीएमएचओ सारंगढ बिलाईगढ़ की होगी ?!इस गंभीर विषय की शिकायत माननीय स्थानीय विधायक चंद्रदेव राय जी एवं स्वास्थ्य मंत्री एवं मुख्यमंत्री को अवगत कराई जाएगी ताकि तानासाही एवं भ्रष्टाचार पर नकेल कसी जा सके। प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सरोज बाघमार प्रदेश आईटी सेल प्रभारी सुरेश पटेल ने सीएमएचओ से जाकर मुलाकात कर स्थिति से अवगत कराया और जल्द कारवाही के लिए निवेदन किया साथ ही कारवाही नही होने की स्थिति में इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से करने एवम् महिला आयोग में जाने की बात कही गई। इस मौके पर स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ से सरोज बाघमार प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष, सुरेश पटेल संभाग अध्यक्ष रायपुर, अजय साहू जिलाध्यक्ष बलौदाबाजार, कमलेश अजगले जिला कोषाध्यक्ष, धर्मेंद्र जायसवाल कार्यकारिणी अध्यक्ष, नरेंद्र साहू जिला सक्रिय सदस्य, डिगेंद्र वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष पलारी, हितेंद्र वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष बलौदाबाजार, विजय कुमार साहू ब्लॉक अध्यक्ष सिमगा, राजकुमार वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष भाठापारा, रिपुसूदन साहू जी ब्लॉक उपाध्यक्ष भाठापारा, श्रीमती चन्द्रकला जायसवाल जी ब्लॉक अध्यक्ष बिलाईगढ़, घनश्याम जायसवाल बिलाईगढ़, लहाराम रत्नाकर ब्लॉक अध्यक्ष सारंगढ़ , सत्या यादव जिला सक्रिय सदस्य एवं स्थानीय आरएच्ओ उपस्थित रहे।

# गीत संगीत के माध्यम से जबगा में अग्नि सुरक्षा कार्यक्रम संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

वन मण्डलाधिकारी धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत एवं उपमंडलाधिकारी बालगोविंद साहू के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र बोरो के ग्राम जबगा में वनों को आग से सुरक्षा हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में गीत संगीत के माध्यम से अग्नि सुरक्षा के लिए लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम संचालक कवि पुरुषोत्तम ठेठवार ने भी वनों को अग्नि से सुरक्षा हेतु सारगर्भित जानकारी दी। बता दें कि मार्च अप्रैल के महीने में जंगलों में आग लगा दिया जाता है। जिससे पेड़ पौधे जल जाते हैं। वहीं असंख्य जंगली जीव जंतुओं की मौत हो जाती है। ज्यादातर जंगलों में महुआ या तेंदूपत्ता के लिए





आग लगा दिए जाते हैं। वन विभाग आग बुझाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च करती है लेकिन वह सफल नहीं हो पाता। वनों को आग से बचाने के लिए लोगों को जागरूक करना जरूरी है। कार्यक्रम में वन परिक्षेत्राधिकारी रामजी गोंड, स्टॉफ एवं भारी संख्या में जबगा के नागरिकगण हुए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in